# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 62 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 31 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**
यमुना-प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान



**P- 4**
आजमगढ़ में किशोरी को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**P- 5**
पड़ोस में हो रहीं गलत चीजों से मुंह नहीं फेर सकते, मालदीव के



**P- 6**
सूरज पंवार ने 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में पेरिस 2024 क्वालीफाइंग मार्क



## हैप्पी मॉर्निंग


चार चीटियां रास्ते में बैठकर बातें कर रही थीं,
तभी वहां से एक हाथी गुजरने लगा। उसे देख कर एक चींटी बोली- ओ हाथी मुझसे कुश्ती लड़ेगा?
इस पर बाकी चींटियां बोलीं- रहने दे बहन, बेचारा अकेला है...



## शायरी

धूप में निकलो घटाओं में नहा कर देखो
ज़िंदगी क्या है किताबों को हटा कर देखो

## अर्थसार



संसेक्स:
71,139.90
-801.67 (1.11%)
निफ्टी:
21,522.10
-215.50

## मौसम



अधिकतम : 17 डिग्री से0
न्यूनतम : 12 डिग्री से0
सूयोदय गुरुवार : 7 : 10
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 00

# छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, 3 जवान शहीद

**बीजापुर में 14 जवान घायल; आईजी बोले- एनकाउंटर में 6 माओवादी भी मारे गए**



बस्तर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के टेकलगुड़ेम में मंगलवार को हुए नक्सली हमले में 3 जवान शहीद हो गए। जबकि 14 जवान घायल हुए। जगदलपुर से घायल जवानों को रायपुर के श्रीनारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने घायलों से मिलकर हालचाल जाना। बस्तर आईजी पी सुंदरराज का दावा है कि जवाबी कार्रवाई में 6 नक्सली भी मारे गए हैं।

मंगलवार को जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में कोबरा-एसटीएफ-डीआरजी की टीम सर्चिंग कर रही थी। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच घात लगाए नक्सलियों ने टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया।

फोर्स को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल की आड़ लेकर भागने में कामयाब हो गए। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### शहीद जवानों के नाम

देवन सी, आरक्षक, 201 कोबरा
पवन कुमार, आरक्षक 201 कोबरा
आरक्षक लाम्बधर सिन्हा, 150 सीआरपीएफ

### घायल जवानों के नाम

ओमप्रकाश- कोबरा बटालियन सी-201
हरेंद्र सिंह- कोबरा बटालियन सी-201
खड़ेकर रामदास- कोबरा बटालियन सी-201
गोपीनाथ बासू भातरी- कोबरा बटालियन सी-201
टी मधुकुमार - कोबरा बटालियन बी-201
मलकीत सिंह- कोबरा बटालियन बी-201
सिपाही लांबा- कोबरा बटालियन बी-150
राजेश पंचाल- कोबरा बटालियन सी-201
मनोज नाथ- कोबरा बटालियन सी-201
मो. इरफान- कोबरा बटालियन सी-201
ई. वंकेश- कोबरा बटालियन सी-201
विकास कुमार- कोबरा बटालियन सी-201
अविनाश शर्मा- कोबरा बटालियन बी-201

### 3 साल पहले 23 जवान हुए थे शहीद

बीजापुर जिले के टेकलगुड़ेम में ही 2021 में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 23 जवान शहीद हुए थे और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। नक्सलियों ने अपने TCOC के दौरान वारदात को अंजाम दिया था। 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ेम में हुई मुठभेड़ में 350 से 400 नक्सली शामिल थे। इनमें माओवादियों के बड़े कैडर्स के लीडर भी मौजूद थे। जवानों पर भारी मात्रा में BGL (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) दागा गया था।

# मणिपुर में दो लोगों की हत्या, पांच घायल

**घायलों में एक भाजयुमो नेता, एक अन्य व्यक्ति लापता**

इंफाल। मणिपुर में मंगलवार को दो समूहों के बीच ताजा गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। घायलों में एक भारतीय जनता युवा मोर्चा का नेता है। एक व्यक्ति लापता भी बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर कडांगबंद गांव के पास अज्ञात बंदूकधारियों और विलेज वालेंटियर्स के बीच गोलीबारी हुई। बंदूकधारियों ने हमला किया तो विलेज वालेंटियर्स ने जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई के बाद हमलावर पीछे हट गए। फिर से इकट्ठा हुए और फिर से हमला किया। हिंसा के बाद इंफाल घाटी के कडांगबैंड, कौट्रुक और कांगचुप गांवों में रहने वाले लोग के घर छोड़कर



सुरक्षित जगहों पर चले गए।

भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मनोहरमयुम बारिश शर्मा गोलीबारी में घायल हो गए। उन्हें इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया है। कौत्रुक और कडांगबंद गांव जातीय हिंसा से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को इलाके में भेजा गया है।

### मणिपुर में अब तक 200 से ज्यादा मौतें, 1100 घायल

राज्य में 3 मई से कुकी और मैतेई के बीच जारी जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राज्य में अब तक 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। 6 हजार मामले दर्ज हुए हैं और 144 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

### 18 जनवरी को 4 लोगों की हत्या हुई थी

मणिपुर में पिता-पुत्र समेत 4 लोगों की हत्या, हिंसा को लेकर इम्फाल में प्रदर्शन, अफसर बोले- सुरक्षा बलों पर हमले में म्यांमार के आतंकी शामिल इसके पहले 18 जनवरी को भी मणिपुर में 4 लोगों की हत्या कर दी गई। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार 18 जनवरी को बताया उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में ओइनम बमोलजाओ (61) और उनके बेटे ओइनम मैनिटोम्बा (35) को मार डाला।

साथ ही उसी जिले के स्वयंसेवक थियाम सोमेन (54) की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके अलावा, बुधवार 17 जनवरी की रात कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे इम्फाल पश्चिम जिले के कांगचुप में एक गांव के स्वयंसेवक ताखेललंबम मनोरंजन (26) की मौत हो गई।

### नौकरी के बदले जमीन मामले में ईडी ने तेजस्वी से करीब आठ घंटे तक की पूछताछ

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए नौकरी के बदले जमीन मामले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की।। नौकरी के बदले जमीन मामले में ईडी के समन के बाद श्री यादव पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे । सामान्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। इस दौरान उनसे करीब 60 सवाल किए गए।

# जाति जनगणना कराने और नहीं कराने के दबाव में फंस गए नीतीश : राहुल

पूर्णिया। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के मामले पर आज चुप्पी तोड़ी और कहा कि श्री कुमार उनके (गांधी) जाति जनगणना कराने और भाजपा के नहीं कराने के दबाव में फँस गए था इसलिए चले गए।

गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के क्रम में मंगलवार को यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अपने संबोधन में बिहार में जातीय गणना



कराने का पूरा श्रेय लेते हुए कहा, मैंने नीतीश जी से साफ़ कह दिया था कि आप को बिहार में जाति आधारित गणना करनी पड़ेगी हम आपको छूट नहीं देंगे। महागठबंधन सरकार के अन्य घटक राष्ट्रीय जनता दल (राज़द) और कांग्रेस ने यह काम कुमार पर दबाव डालकर करा लिया। लेकिन अब दूसरी ओर से दबाव आया क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नहीं चाहती थी कि जातीय गणना हो।

कांग्रेस नेता ने कहा कि नीतीश कुमार बीच में फँस गए और भाजपा ने उन्हें बाहर इस दबाव से बाहर निकलने का रास्ता दे दिया और वह उस रास्ते पर निकल गए।

थोड़ा सा दबाव पड़ता है और कुमार यू टर्न ले लेते हैं। उन्होंने कहा, बिहार में सामाजिक न्याय दिलाने की ज़िम्मेवारी हमारे गठबंधन की है।

# गाजियाबाद : पत्नी की गोली मारकर हत्या के बाद पति ने दी जान

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मंगलवार सुबह पति-पत्नी के गोली लगे शव मिले हैं। दोनों शव सड़क किनारे 100 मीटर के फासले पर पड़े थे। उनकी एस क्रॉस कार पास में खड़ी थी। वहां से एक तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस मान रही है कि पति ने पत्नी की तमंचे से गोली मारकर हत्या की। फिर खुद सुसाइड कर लिया। हालांकि, दोनों की हत्या के एंगल पर भी जांच जारी है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के कमला नेहरु नगर में एम्स का नशा मुक्ति केंद्र है। इसके नजदीक सुबह करीब 8 बजे महिला-पुरुष की लाश पड़ी हुई थी। इस सूचना पर तुरंत थाने की पुलिस पहुंची। इसके बाद डीसीपी (सिटी) ज्ञानन्जय कुमार सिंह भी पहुंच गए। दोनों महिला-पुरुष को गोली लगी थी। मृतकों की पहचान 45 साल के विनोद और उनकी 41 साल पत्नी दीपक के रूप में हुई। पास खड़ी कार इन्हीं की थी।

पुलिस ने बताया कि विनोद और उनकी पत्नी दीपक के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से मुजफ्फरनगर जिले में भुक्कारेहड़ी गांव के रहने वाले थे। पिछले करीब 10-12 साल से गाजियाबाद के महिंद्रा एन्क्लेव में रहते थे। जांच में पता चला कि पति-पत्नी सोमवार रात करीब 10 बजे घर से कार में निकले थे। इसके बाद वापस नहीं लौटे। रात में उनके बीच क्या हुआ, ये किसी को नहीं पता।

**सजा** | **2 साल पहले घर में घुसकर मां-पत्नी और बच्चे के सामने हत्या की थी**

# भाजपा कार्यकर्ता मर्डर केस में 15 पीएफआई मेंबर्स को सजा-ए-मौत

**एजेंसी**

तिरुवनंतपुरम। केरल की एक कोर्ट ने प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 15 कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई है। भाजपा की ओबीसी विंग के नेता रंजीत श्रीनिवासन की 19 दिसंबर 2021 को हत्या कर दी गई थी।

पिछले हफ्ते कोर्ट ने 15 लोगों को दोषी माना था। कोर्ट ने कहा था कि आठ दोषी, जिनकी पहचान निजाम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल सलाम उर्फ सलाम पोन्नद,



मृतक रंजीत

अब्दुल कलाम, सफरुद्दीन और मनशद के तौर पर हुई है, वे रंजीत श्रीनिवासन के मर्डर में सीधे तौर पर शामिल थे।

अन्य दोषियों की पहचान जसीब



राजा, नवास, शमीर, नसीर, जाकिर हुसैन, शाजी पूवाथुंगल और शमनास अशरफ के तौर पर हुई है।

कोर्ट ने इनमें से चार को इसलिए दोषी करार किया था क्योंकि वे हथियार लेकर क्राइम सीन पर आए थे, ताकि श्रीनिवासन भाग न पाए और कोई उसकी मदद भी न कर पाए। बाकी तीन ने मर्डर की साजिश रची थी।

मवेलीक्कारा एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज वीजी श्रीदेवी ने फैसला सुनाया। विक्टिम के वकील ने बताया कि सजा पाने वाले सभी आरोपी ट्रेंड किलर स्क्वॉड का हिस्सा थे। जिस क्रूर और निर्मम तरीके से विक्टिम को उनकी मां, पत्नी और बच्चे के सामने मारा गया था, ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर क्राइम की श्रेणी में आता है।

### सुबह-सुबह घर में घुसे हमलावर, पीट-पीटकर मार डाला

घटना को लेकर पुलिस ने बताया था कि 19 दिसंबर 2021 को जब रंजीत श्रीनिवासन अलाप्पुझा सिटी के अपने घर पर मॉर्निंग वॉक के लिए तैयार हो रहे थे, तभी हमलावर उनके घर में घुस गए। इस दौरान उनकी मां, पत्नी और बच्चा भी घर में मौजूद थे। इन हमलावरों ने भाजपा नेता की बेरहमी से पिटाई की। गंभीर चोटें आने की वजह से रंजीत ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रंजीत ने कुछ समय पहले ही विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर इलेक्शन लड़ा था। वह पेशे से वकील थे।

# भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा : 180 देशों की ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट में 85 से 93वें स्थान पर आया

**चीन 76 वें, पाकिस्तान 133 वें नंबर पर**

**नई दिल्ली।** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की 180 देशों की करप्शन की रिपोर्ट मंगलवार (30 जनवरी) को जारी की गई। इसके मुताबिक भारत में 2023 में भ्रष्टाचार बढ़ा है। रिपोर्ट के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भारत 2023 में 93वें स्थान पर आ गया है, जबकि एक साल पहले 2022 में भारत 85वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में 1 नंबर पर रहने वाले देश में कम भ्रष्टाचार है और 180वे नंबर पर रहने वाले देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है।

रिपोर्ट के मुताबिक चीन 76वें और पाकिस्तान 133वें नंबर पर है। वहीं, डेनमार्क (1) में सबसे कम भ्रष्टाचार है जबकि सोमालिया (180) सबसे करप्ट देश है। इस इंडेक्स के लिए ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के एक्सपर्ट्स हर देश के पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके बाद हर देश को 0 से 100 के बीच स्कोर दिया जाता है।

जिस देश में जितना ज्यादा भ्रष्टाचार, उसे उतना कम स्कोर दिया जाता है। इसी आधार पर इंडेक्स में रैंकिंग




निर्धारित होती है। जारी की गई 2023 की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 39 निर्धारित किया गया है। 2022 में यह स्कोर 40 था। सिर्फ एक नंबर के कम होने से भारत 8 पायदान खिसक गया है।

### मोदी के कार्यकाल में कम नहीं हुआ करप्शन

2005 से लेकर 2013 तक यूपीए की सरकार और मौजूदा एनडीए सरकार की तुलना की जाए तो स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। 2006-07 में करप्शन के मामले में जरूर रैंकिंग सुधरी। उस दौरान भारत 70वें और 72वें स्थान पर था।

यूपीए शासन के अंतिम समय में यानी 2013 में भारत 94वें स्थान पर लुढ़क गया। वहीं एनडीए के कार्यकाल में सबसे अच्छी स्थिति 2015 में रही, तब भारत वर्ल्ड रैंकिंग में 76वें स्थान पर पहुंचा था।

### एशिया के देशों में भ्रष्टाचार की स्थिति

एशिया के देशों में पिछले 5 सालों में सीपीआई स्कोर 45 के आसपास बना हुआ है। बहुत कम देशों में ही भ्रष्टाचार में कमी आई है। एशिया के अधिकतर देशों में धीरे-धीरे भ्रष्टाचार बढ़ा है।

भारत समेत एशिया के 71 देशों का स्कोर यहां के औसत स्कोर (45) से नीचे है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन देशों के नेताओं ने भ्रष्टाचार के मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया है। साथ ही इन देशों में स्वतंत्र प्रेस पर भी हमले हुए हैं। इससे भ्रष्टाचार के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।




# ग्रेनो प्राधिकरण पर हजारों किसानों ने बोला हल्ला

## प्राधिकरण पर वादा खिलाफी का आरोप, अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू हो गया है। मंगलवार को भारी संख्या में इकट्ठा होकर किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। प्राधिकरण के गेट पर नारेबाजी करने के बाद किसान प्राधिकरण के बाहर ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।
ग्रेटर नोएडा के कई किसान संगठनों ने किसान सभा के बैनर तले मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर जमकर प्रदर्शन किया। भारी संख्या में 40 से ज्यादा गांवों के किसान इकट् ?ठा होकर प्राधिकरण पहुंचे। इस दौरान किसानों को विपक्षी पार्टियों का भी साथ मिला। इन पार्टी के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।
किसान नेता रूपेश वर्मा ने बताया कि 16 सितंबर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के साथ संपन्न हुए समझौते में सभी 21 मुद्दों पर लिखित सहमति बनी थी, जिसमें 10त्न आबादी प्लाट, नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने के संबंध में 28 नवंबर को प्राधिकरण बोर्ड से प्रस्ताव पास होकर दिसंबर महीने में शासन के अनुमोदन के लिए गया था, लेकिन इतने दिन गुजर जाने के बाद भी शासन की ओर से इस मुद्दे



पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए किसान सभा ने पक्का मोर्चा लगाने का फैसला किया है।
उसी कड़ी में तय कार्यक्रम के तहत हजारों की संख्या में किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। इन दौरान किसानों ने कहा कि अब यह मोर्चा तभी हटेगा जब किसानों के मुद्दे अंतिम तौर पर हल हो जाएंगे।किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि सरकार किसानों के मुद्दों की हमेशा की तरह उपेक्षा कर रही है। प्राधिकरण स्वायत्त संस्था है कोई वजह नहीं है कि प्राधिकरण के द्वारा पास प्रस्ताव को शासन स्तर पर लंबित रखा जाए।

### किसानों के साथ हुई वादाखिलाफी

उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के द्वारा उनके साथ में वादा खिलाफी की गई है। पहले भी उनके द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन किया गया था, लेकिन उनके धरने को आश्वासन देकर समाप्त कर दिया गया लेकिन जो वादा प्राधिकरण की तरफ से किया गया था वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। फिलहाल किसानों ने प्राधिकरण के गेट के बाहर ही डेरा डाल दिया है और किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को हल नहीं किया जाएगा वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।

# बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप बनाएंगे फिल्म सिटी

### सबसे हाईएस्ट बिड लगाकर पाई फिल्म सिटी परियोजना, तीसरे नंबर पर रहे अक्षय कुमार; 10 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा फिल्म सिटी का निर्माण यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में प्रस्तावित है। फिल्म सिटी के लिए चार कंपनियों ने आवेदन दिया था। इनमें से एक कंपनी बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और एक कंपनी फिल्ममेकर बोनी कपूर की भी थी।
वहीं इस रेस में बोनी कपूर आगे निकल गए हैं और यमुना अथॉरिटी के सेक्टर 21 में बन रहा ये ग्लोबल टेंडर अब उन्हें मिल गया है। यहां खास बात ये भी है कि अगर इस प्रोजेक्ट में देरी होती है तो हर दिन 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगेगा।
शनिवार को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इन कंपनियों ने फिल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विजन कॉन्सेप्ट टाइमलाइन हाइलाइट्स दिया था। आज फाइनेंसियल बिट खोलने बाद तय हो गया है कि इसका निर्माता कौन होगा।
अब M/s bayview projects LLP बोनी कपूर व भूटानी ग्रुप फ़िल्म सिटी को बनाएंगे। हाईएस्ट बिड देकर फ़िल्म सिटी परियोजना पाई है।

### 10 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट

फिल्म सिटी के 10 हजार करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट लिए बॉलीवुड कई बड़े फिल्ममेकर्स ने अपना दावा पेश



किया। बायवीई प्रोजेक्ट्स एलएलपी, सुपरसोनिक टेक्नोबाइल्ड प्राइवेट लिमिटेड, मैडॉक फिल्म्स, सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (टी सीरीज) दौड़ में बनी हुई थी।
चारों कम्पनीज़ को टेक्निकली क्वालीफाइड पाया गया। आज दोपहर इस परियोजना की फाइनेंसियल बिट खोली गई। और m/s bayview projects LLP बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप ने हाईएस्ट बिड देकर यह हासिल कर ली। अब इनके द्वारा ही फिल्म सिटी को बनाया जाएगा।

### काम में देरी होने पर लगेगा 10 लाख का जुर्माना

रिपोर्ट्स के अनुसार, डेढ़ साल में तीसरी बार शर्तों में बदलाव करके टेंडर निकाला गया है। पिछली दोनों बार उम्मीद के मुताबिक आवेदक कंपनी नहीं आई थी। इसलिए इस बार शर्तों में बदलाव करना पड़ा।
यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। यही वजह है कि इसमें जरा सी भी कोताही नहीं बरती जाएगी। इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने साफ कहा है कि अगर काम में देरी हुई तो संबंधित कंपनी पर रोजाना 10 लाख रुपये का जुर्माना लगेगा।

### इन कंपनियों ने किया था आवेदन

इस रेस में बोनी कपूर और अक्षय कुमार के अलावा टी-सीरीज की सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और केसी बोकाडिया की 4 लायंस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां शामिल थीं।

### 90 साल का लाइसेंस दिया जाएगा

पहले चरण में अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपए है, हालांकि 1000 एकड़ में विकसित होने वाले फिल्म सिटी की कुल लागत 10000 करोड़ होगी। इसमें 75 एकड़ में कमर्शियल और 155 एकड़ में फिल्म सिटी से जुड़ी गतिविधियों का ढांचा तैयार होगा। फिल्म सिटी को विकसित करने वाली कंपनी को 90 साल का लाइसेंस दिया जाएगा।

### पहले चरण के बाद शुरू हो सकता है फिल्म निर्माण

पहले चरण में फिल्म से जुड़ी गतिविधियों को विकसित किया जाएगा। इसमें फिल्म स्टूडियो, खुला एरिया, एम्यूजमेंट पार्क, विला बनेंगे। 120 एकड़ में एम्यूजमेंट पार्क, 20-20 एकड़ में फिल्म स्टूडियो बनेंगे।

### दूसरे चरण में होटल और तीसरे चरण में रिटेल स्टोर

फिल्म सिटी के दूसरे चरण में होटल, रिसोर्ट और व्यावसायिक गतिविधियों को विकसित किया जाएगा। तीसरे और अंतिम चरण में रिटेल सेक्टर का विकास होगा। इस दौरान पूरी फिल्म सिटी के सभी विकास कार्य पूर्ण हों।

### फिल्म पर इतना होगा खर्च

स्टूडियो 1513 करोड़ रुपए
रिटेल मॉल 989 करोड़ रुपए
फिल्म इंस्टीट्यूट 914 करोड़ रुपए
इंफ्रास्ट्रक्चर विकास 842 करोड़ रुपए
होटल रेस्तरां 532 करोड़ रुपए
बैकलॉट सेट 393 करोड़ रुपए
एम्यूजमेंट पार्क 378 करोड़ रुपए
आवासीय मकान 307 करोड़ रुपए
ऑफिस 227 करोड़ रुपए
बैकलॉट वर्कशॉप 214 करोड़ रुपए
बैकलॉट ओपन एरिया 149 करोड़ रुपए

# पुलिस ने 25 हजार के इनामी को मारी गोली

### नोएडा में कपिल मॉन गैंग का शूटर है, हत्या में था वांछित



नोएडा। एयर इंडिया के क्रू मैंबर में वांछित हत्या आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान नवीन शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी विजय विहार दिल्ली हुई है। इस पर 25 हजार का इनाम था। ये गैंगस्टर कपिल मॉन का मुख्य शूटर है। इसने कपिल के साथ मिलकर 2021 में दिल्ली बार्डर पर एक बिल्डर की हत्या भी की थी। इससे पूछताछ की जा रही है।
नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस नोएडा पुलिस सेक्टर 43 चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि कपिल मॉल ग्रुप का एक शूटर यहां से निकलने वाला है। पुलिस ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। उसने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली लगी और वो घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार करते हुए उसे जिला अस्पताल भेजा है।
इसके पास से 1 तमंचा 315 बोर 02 जिंदा कारतूस 01 खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद मोटर साइकिल स्पलेंडर बरामद की गई। पूछताछ में पता चला कि इसी ने ही सेक्टर-104 में एयर इंडिया के क्रू मैंबर सूरजमान की रेकी की थी। जिसके बाद शूटरों ने सूरजमान की गोली मारकर हत्या कर दी थी।
ये कपिल मान गैंग का मुख्य शूटर है। 2021 में कपिल के साथ मिलकर एक बिल्डर की हत्या की। इसके बाद ये कपिल के साथ एक साथ जेल में रहा। वहां से आने के बाद ये मुख्य शूटर बन गया।
ये अन्य कई गैंग का भी ये सक्रिय सदस्य है। जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 39 पुलिस द्वारा विस्तृत जानकारी की जा रही है।

## शार्ट न्यूज

### दो मेडिकल स्टोर का किया अचानक निरीक्षण

**नोएडा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने रबुपूरा, ग्रेटर नोएडा स्तिथ दो मेडिकल स्टोर का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बाबा मेडिकल स्टोर से एक एंटीबायोटिक्स औषधि और कुणाल मेडिकल स्टोर से एक एंटीबायोटिक्स औषधि का नमूना जांच के लिए गया है। बाबा मेडिकल स्टोर द्वारा संगृहीत औषधि के बिल के साथ अन्य 7 दवाओं के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए। ऐसे में 8 औषधियों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। वैभव बब्बर ने बताया कि मेडिकल स्टोर के क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि, किसी भी मेडिकल द्वारा अवैध लाइसेंस धारी या बिना डॉक्टर के पर्चे पर औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है, जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर आग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमानुसार की जाएगी। इस दौरान आसपास के मेडिकल स्टोर शटर बंद करके भाग गए, इनकी भी अचानक निरीक्षण आने वाले दिनों में किया जायेगा।

### सुखपाल हत्याकांड का दादरी पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने सुखपाल हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुरानी रंजिश को लेकर सुखपाल की शूटरों द्वारा हत्या कराई गई। इस मामले में पुलिस ने षणयंत्र रचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना को अंजाम देने वाले शूटर अभी भी फरार चल रहे हैं। दरअसल, कासना गांव निवासी सुखपाल सिंह परिवार के साथ गांव में रहता था। वह खेतीबाड़ी और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। बीती 11 जनवरी को वह अपनी बाइक पर सवार होकर दादरी कोतवाली क्षेत्र में घोड़ी बछैड़ा गांव के करीब स्थित काशीराम कॉलोनी में किसी परिचित के पास मुलाकात के लिए जा रहा था। रास्ते में अज्ञात हमलावरों ने उसको गोली मार दी। वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में सुखपाल को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित एक निजी अस् ?पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। दरअसल, मृतक सुखपाल की ससुराल ईकोटेक-तीन कोतवाली क्षेत्र के सुनपुरा गांव में है। सुखपाल के साले रोहित की गांव के ही प्रवीण नामक एक युवक से दोस्ती थी। रोहित और प्रवीण अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे।

### एक्सप्रेस-वे के पास कार में लगी आग

नोएडा। दिल्ली से ग्रेटरनोएडा जा रही एक कमर्शियल कार में आग लग गई। आग कार के बोनट के पास लगी। डीएनडी के पास से निकल रही कार को एसआई प्रवीन कुमार ने रोका। इसके बाद पहले कार में सवार तीन महिलाओं को दो पुरुषों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उन्होंने खुद व उनकी टीम ने पास बड़ी बालू और अन्य गाड़ियों में लगे फायर एस्टिंग्यूशर से आग पर काबू पा लिया। इससे पहले प्रवीण कुमार ने दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि मौके पर दमकल की एक गाड़ी को रवाना किया गया। जब दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची इससे पहले ही एसआई और उनकी टीम ने कार में लगी आग को बुझा दिया था। इसके बाद दूसरी कार से परिवार को घर भेजा गया। सीएफओ ने बताया कि यदि थोड़ी देर हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। एसआई की सूझबूझ से न केवल आग पर काबू पाया बल्कि यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहा। आग बोनट के पास शॉट सर्किट की वजह से लगी थी। इस दौरान यदि थोड़ी देर और होती तो आग पूरी गाड़ी में फैल सकती थी।

### यति सन्यासियों का अनशन तीसरे दिन जारी

गाजियाबाद। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग के लिए गाजियाबाद में कलेक्ट्रेट के पास चल रहा आमरण अनशन मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। अखिल भारतीय धर्म रक्षक गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित नागर बजरंगी ने मंगलवार को अनशन स्थल पर पहुंचकर यति संन्यासियों को समर्थन दिया। मोहित नागर बजरंगी ने कहा, हिन्दू समाज अगर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जैसे धर्म योद्धा के लिए भी खड़ा नहीं होगा तो भविष्य में कोई भी इतना मजबूत व्यक्ति धर्म के लिए नहीं लड़ेगा। केंद्र सरकार और राज्य सरकार महामंडलेश्वर को अनाथ समझने की भूल ना करें। वो हमारे गुरु और हमारे सर्वस्व हैं। अगर उनके खून की एक भी बूंद गिरती है तो हम अपना सारा खून बहा देंगे, परन्तु उन्हें कुछ नहीं होने देंगे। जैसे कमलेश तिवारी की हत्या उनकी सुरक्षा हटाकर करवा दी गयी थी, वैसे हम गुरुजी के साथ नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी कहा, केंद्र और राज्य सरकार को महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि के योगदान को भूलना नहीं चाहिए। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह हमारे सांसद हैं। अगर वो गुरुजी जैसे व्यक्ति के लिये कुछ नहीं कर सकते तो और किसी के लिए क्या करेंगे? हम गुर्जर समाज के युवा इस बार उनके गाजियाबाद आगमन पर घेराव करके उनको उनका कर्तव्य बताएंगे। इसके लिये हर हिन्दू संगठन की सहायता भी ली जाएगी।

### शादी का झांसा देकर महिला से रेप



मोदीनगर। मोदीनगर में एक कॉलोनी निवासी महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि वह शादीशुदा है और इस वक्त वह अपने पति से अलग रह रही है। महिला ने बताया कि उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। जिसने महिला से जान पहचान बढ़ानी शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपी युवक ने महिला से शादी करने की बात कहते हुए उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने बताया कि जब वह युवक से शादी करने की बात कहती तो वह बहाना बना देता। आरोप है कि जब महिला ने युवक पर शादी करने का दवाब बनाया तो युवक ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। अब युवक महिला को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। सोमवार को पीड़ित महिला ने थाने पहुंच तहरीर दी। कार्रवाई की मांग की। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर जांच की जा रही है। वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर नर्स से दुष्कर्म

जेवर। ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में नर्स का काम करने वाली एक युवती ने अपने दूर के रिश्तेदार पर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उसको शादी का झांसा देकर पिछले कई वर्षों से दुष्कर्म भी कर रहा था। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और विडियो भी ले रखे हैं। जिनकी धमकी देकर उसके साथ वह दुष्कर्म कर आ रहा है। पीड़ित ने इस मामले में कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। मूलरूप से बदायूं जिले के रहने वाली एक युवती का आरोप है कि वह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में नर्स का काम करती है। जबकि दनकौर में किराए के मकान में अकेली रहती है। उसका आरोप है कि करीब 2 वर्ष पहले इसका एक दूर का रिश्तेदार उसके कमरे पर आया। जहां आरोपी ने धोखे से नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब पीड़ित को मामले की जानकारी हुई तो आरोपी ने कहा कि वह उसके साथ शादी कर लेगा। जिसकी झांसे में आकर युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की थी।
पीड़ित का कहना है कि इस दौरान आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और विडियो भी बना लिए थे। जिसको डरा धमकाकर पिछले कई वर्षों से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था।पीड़ित का कहना है कि अब आरोपी शादी करने से इनकार कर रहा है। जिसके चलते पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपी द्वारा उसको जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिसके चलते पीड़ित काफी डरी हुई है।

# 7 दिनों में 30 बिल्डरों से ली जाएगी सहमति

## 25 प्रतिशत पैसा जमा करते ही 2300 बायर्स की रजिस्ट्री का रास्ता होगा साफ

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण सात दिन में 30 और बिल्डरों से सहमति लेगा। कुल बकाया का 25 प्रतिशत राशि जमा करने पर 2300 बायर्स की रजिस्ट्री शुरू हो सकेगी। ये सभी बायर्स अपने फ्लैट में रह रहे है। अब तक 13 बिल्डरों ने सहमति दी है। इनमें से अधिकांश बिल्डर 100 करोड़ रुपए से कम के बकायादार है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बड़े बकायादार भी योजना का लाभ लेंगे। प्राधिकरण की ओर से ऐसे बिल्डरों की ओसी भी जारी कर दी जाएगी। इससे करीब 100 करोड़ रुपए प्राधिकरण को मिलेगा। ये रकम 60 दिन में जमा करनी है।
अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद लगातार प्राधिकरण बिल्डर के संपर्क में है। वन टू वन बिल्डरों से बकाया को लेकर बात की जा रही है। हालांकि वहीं बिल्डर सहमति दे रहे है जिनका बकाया काफी कम है। 100



करोड़ से ज्यादा बकायादार अब भी प्राधिकरण नहीं आ रहे। इसकी पीछे तर्क दिया जा रहा है, बकाया जमा करने की अलग-अलग स्लैब देनी चाहिए। मसलन यदि किसी बिल्डर का 100 करोड़ बकाया या उससे ज्यादा बकाया है तो उससे 10 प्रतिशत लिया जाए। यदि 25 प्रतिशत लेना है उसे किस्तों में लिया जाए। हालांकि प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि कैबिनेट के फैसले में किसी प्रकार का कोई संशोधन नहीं किया जा सकता है। बिल्डर पहले बकाया का 25 प्रतिशत जमा करे इसके बाद रजिस्ट्री और एनजीटी के समय मिलने वाले जीरो पीरियड को केस टू केस के आधार पर देखा जाएगा।

### कोविड का लाभ मिला बकाया महज 5500 करोड़

नोएडा प्राधिकरण पर बिल्डरों का 28 हजार करोड़ रुपए बकाया है। अमिताभ कांत की सिफारिश कोर्ट केस और एनसीएलटी के केसों पर लागू नहीं है। ऐसे में यदि इन दोनों स्थानों पर चल रहे केस को निकाल दिया जाए तो बकाए का आंकड़ा महज 7800 करोड़ ही रह जाता है। इसमें कोविड काल का जीरो पीरियड 21 प्रतिशत कम किया जाए तो बिल्डरों को 5500 करोड़ के आसपास जमा करना है। ये पैसा भी बिल्डर जमा करने में आनाकानी कर रहे है।

### कोर्ट केस और स्पोर्ट्स सिटी पर नहीं लागू

वर्तमान में 17 प्रोजेक्ट एनसीएलटी में है। इसमें 25 हजार फ्लैट बायर्स है। जिनके पास कोर्ट के फैसले के इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यही नहीं स्पोर्ट्स सिटी पर भी नियम लागू नहीं है। यहां करीब 15 हजार फ्लैट बायर्स है। से सभी बायर्स सेक्टर-78,79,150, 152 के है। इस योजना में बिल्डर जब तक यहां खेल सुविधाओं का विकास नहीं कर लेते तब तक उनको आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा।

# यमुना-प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी

## कई अहम फैसलों पर लगी मोहर, आगरा में अर्बन सेंटर विकसित करेगा प्राधिकरण

गौतम बुद्ध नगर। चेयरमैन अनिल सागर की अध्यक्षता में यमुना विकास प्राधिकरण की 79वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान 2041 को अप्रूव किया गया। इसके साथ ही मास्टर प्लान के लिए जो 55 गांव सम्मिलित हुए थे, उनको भी शामिल किया गया है। साथ ही 1000 एकड़ जमीन और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।
सोमवार को यमुना प्राधिकरण में 79वी बोर्ड बैठक अध्यक्ष अनिल सागर के अध्यक्षता में शुरू हुई। जिसमें यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह सहित गौतम बुद्ध नगर, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा और आगरा के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जिसमें मास्टर प्लान 2041 को अप्रूव




किया गया। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण को राजस्व के रूप में पिछले सालों के मुकाबले 285.61 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। 2022-23 में 15 जनवरी 2023 तक कुल राजस्व 1784.63 करोड़ प्राप्त हुआ था, जिसके मुकाबले 2023-24 में 15 जनवरी 2024 तक प्राधिकरण को 5107.75 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।
मास्टर प्लान 2041 के लिए जो 55 गांव सम्मिलित किए गए थे, उनको शामिल कर लिया गया है। इसके साथ ही 1000 एकड़ जमीन एविएशन हब के लिए बढ़ाई गई है। राया हेरीटेज सिटी की डीपीआर को अप्रूव किया गया है और आगरा में एक नई इलेक्ट्रॉनिक सिटी बसई जाएगी जो 1050 हेक्टेयर में होगी जिसकी डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### किसानों के प्लाट से ब्याज खत्म

यमुना एक्सप्रेस-वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर जोड़ने के लिए इंटरचेंज बन रहा है, उसका अनुमोदन भी बोर्ड बैठक में पास किया गया है।
इंटरचेंज से प्रभावित किसानों को सेक्टर 17 बी में प्लॉट दिए जाने का निर्णय भी आज बोर्ड बैठक में लिया गया है। इसके साथ ही किसानों को यह भी छूट दी गई है कि अगर उनके परिवार से कोई गंभीर बीमारी से ग्रसित है तो वह अपने प्लॉट को बेच सकते हैं। इसके साथ ही किसानों को राहत देते हुए बोर्ड बैठक में किसानों के 7त्न प्लाट पर जो ब्याज लगता था, उसको खत्म कर दिया गया है।
अरुणवीर सिंह ने बताया कि अब संस्थागत की श्रेणी में आने वाले 10 एकड़ से अधिक आकर के भूखंड जो डिग्री कॉलेज, पीजी कॉलेज, मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, टेक्निकल इंस्टिट्यूट, स्पोर्ट्स कॉलेज, स्पोर्ट्स एकेडमी, मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के लिए होंगे, उन्हें ई-ऑक्शन की परिधि से बाहर रखा जाएगा।

# फर्जी पासपोर्ट और वीजा बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## महिला सहित दो गिरफ्तार, विदेश में नौकरी लगवाने का देते थे झांसा

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर वीजा व पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों अब तक आम लोगो से करीब 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर चुके हैं।
दरअसल बिसरख थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोगों के द्वारा आम लोगों से धोखधड़ी कर उनको निशाना बनाया जा रहा है। एक गिरोह के द्वारा वीजा व पासपोर्ट बनाने



के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। साथ ही इस गिरोह के द्वारा आम लोगों से विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे भी ऐंठे जा रहे हैं।
इसी सूचना पर बिसरख थाना पुलिस ने गौर सिटी सेंटर की एक दुकान में छापेमारी की और मौके से एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार कर लिया।
दोनों आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी मुकेश और नेपाल निवासी सुषमा के रूप में हुई।

# सड़क हादसा : 2 बच्चों समेत 3 की मौत

## ईको कार से भिड़ी डीसीएम, कार में पीछे से आई रोडवेज बस ने भी मारी टक्कर





बदायूं। बदायूं में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। बच्चों को स्कूल लेकर जा रही ईको कार की डीसीएम से टक्कर हो गई। इसके बाद पीछे से आ रही रोडवेज बस भी ईको कार में घुस गई। जिससे ईको का चालक 8 बच्चे बुरी तरह कार में फंसकर घायल हो गए। पास से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो बच्चों और ईको चालक को मृत करार दे दिया। जबकि घायल 6 बच्चों का इलाज शुरू किया। इनमें एक छात्रा को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसा आगरा-बरेली हाईवे पर उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुटला बोर्ड गांव के पास पुलिया पर हुआ है।

बताया जाता है कि उझानी के जुनइया गांव निवासी उमेश (30) ईको कार चलाते थे। वह आसपास इलाके के छात्र-छात्राओं को इसी इलाके में स्थित गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने और छोड़ने का काम करते थे। रोजाना की तरह मंगलवार सुबह भी वह 8 बच्चों को लेकर कॉलेज जा रहा था। इनमें उसका ढाई साल का बेटा दुश्यंत भी शामिल था।

रास्ते में बुटला बोर्ड गांव के पास ईको गाड़ी विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम से जा टकराई। हादसे में ड्राइवर उमेश समेत उसके बेटे दुश्यंत व छात्र आलेख (5) पुत्र तेजपाल निवासी गांव फूलपुर कोतवाली उझानी की मौत हो गई।

जबकि फूलपुर गांव की स्वाति (16) पुत्री सुरेंद्र, उसकी बहन राधा (11), इसी गांव का निशांत (7) पुत्र छत्रपाल, सरिता (8) पुत्री विक्रम, बिट्टू (6) पुत्री तेजपाल व उसकी बहन महर (8) गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया।

यहां शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे की जानकारी पर परिवार वाले भी रोते-बिलखते मेडिकल कॉलेज जा पहुंचे।

### डीएम एसएसपी पहुंचे अस्पजाल

डीएम मनोज कुमार व एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने भी मेडिकल कालेज पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वहीं डीसीएम का ड्राइवर हादसे के बाद मौके से गाड़ी छोड़कर भाग निकला। एसएसपी ने बताया कि दो बच्चों समेत ड्राइवर की मौत हुई है। एक बच्ची की हालत गंभीर है और उसे हायर सेंटर भेजा जा रहा है। ड्राइवर की तलाश जारी है।

### 300 रुपये महीने में आते थे बच्चे

घायल बच्चों के परिजनों ने बताया कि ड्राइवर उमेश इलाके के बच्चों को 300 रुपये प्रति महीने के रेट पर स्कूल लाता और घर छोड़ने जाता था। ठंडियों की छुट्टी के चलते कल ही स्कूल खुले हैं तो कल कम बच्चे गए थे। आज मौसम साफ होने पर सभी बच्चे तैयार हो गए थे।

उसके बाद उमेश ने एक एक कर सभी को कार में बिठाया और स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी।

# आजमगढ़ में किशोरी को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी



**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की पुलिस ने किशोरी को भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि 25 दिसंबर को मेरी पोती लापता हो गई। परिजनों ने आस-पास और अपने रिश्तेदारों के यहां खोजा पर कहीं पर भी पता नहीं चल सका। जिसके बाद इस मामले में कंधरापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की।

पुलिस की इस विवेचना में तीन आरोपियों का नाम सामने आया। आरोपियों में मदनलाल चौधरी, शारदा देवी और करूण सिंह का नाम सामने आया। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। इसी क्रम में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि बरामद पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दो आरोपियों की पूर्व में हो चुकी है गिरफ्तारी इस मामले में दो आरोपियों मदनलाल चौधरी और शारदा को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। करूण सिंह लगातार फरार चल रहा था। फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली की आरोपी सेहदा के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## करण्डा ब्लाक में परिसर में लगे रोजगार मेले में 156 बेरोजगारो को मिला रोजगार

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत कौशल विकास मिशन, गाजीपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में खण्ड विकास परिसर, करण्डा गाजीपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियॉं एडेक्को इण्डिया प्रा0लि0,वी0एस0डी0 टायर एण्ड ट्यूव रिपेयर सर्विस, क्वेस कार्पोरेशन, जॉब सीकर्स स्टाप द्वारा डिक्सन, पैजेट, मिकुनी हेतु चयन सहित कुल 07 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी, फील्ड आफीसर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कम्प्यूटर आपरेटर, इलेक्ट्रानिक मैनूफक्चैरिंग, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 272 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 156 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। आगामी रोजगार मेला- राजकीय आई0टी0आई0 परिसर गाजीपुर में दिनांक-31.01.2024 को आयोजित होगा।

## जालौन और ललितपुर में चौकी इंचार्ज स्तर तक सीयूजी नंबर उपलब्ध कराने का कार्य पूर्ण हुआ

ललितपुर। झांसी जनपद झांसी को एक सप्ताह में कुछ शेष बची चौकियों में नंबर उपलब्ध कराने के निर्देश। डीआईजी द्वारा रेंज ज्वाइन करते ही सबसे पहले सभी चौकी इंचार्ज को और अधिक जिम्मेदार बनाने के निर्देश दिए गए थे। डीआइजी झांसी कलानिधि नैथानी द्वारा रेंज की कानून व्यवस्था एवं संचार व्यवस्था को मजबूत, बनाये रखनें, पीड़ितों की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एंव त्वरित निस्तारण हेतु, रेंज के सभी थानों के अंतर्गत आने वाली चौकियों के स्थाई सी0यू0जी0 नम्बरों की सूची जारी करते हुए बताया की, रेंज के सभी थाना चौकियों में पुलिस अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जाये। जनता के व्यक्तियों से किसी भी परिस्थिति में पुलिस को त्वरित सूचना तथा सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है। 1-परिक्षेत्र के थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी के स्थाई सी0यू0जी0 नम्बर उपलब्ध कराये गये हैं, जिन्हें 24म7 सी0यू0जी0 नम्बरों पर उपलब्ध रहकर सीधे चौकी इंचार्ज को जिम्मेदार बनाने के लिए एंव आम जनमानस के प्रति सीधे सुलभ तरीके से फोन कॉल पर उपलब्ध रहने हेतु निर्देशित किया गया।

## पुलिस ने हत्या के अपराधिक षडयंत्र में संलिप्त आरोपी को कार सहित गिरफ्तार

ललितपुर। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी कलानिधि नैथानी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 51/2024 धारा 386.504.506/120 बी भादवि थाना कोतवाली ललितपुर के बांछित अभियुक्तगण 1.राजेन्द्र उर्फ राजा रैकवार पुत्र बृजलाल रैकवार नि0 चौबयाना थाना कोतवाली जनपद ललितपुर उम्र करीब 25 वर्ष 2. मोनू ग्वाला पुत्र स्व0 जगदीश ग्वाला नि0 घुसयाना थाना कोतवाली जनपद ललितपुर को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 30.01.2024 को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । घटना का संक्षिप्त विवरण वादी मुकदमा सुमित अग्रवाल पुत्र प्रहलाद नि0 मु0 सुभाषपुरा थाना कोतवाली ललितपुर के द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्तगण अभय चौबे पुत्र विजय नारायण नि0 चौबयाना थाना कोतवाली ललितपुर आदि 04 नफर व दो अन्य व्यक्ति अज्ञात द्वारा प्रार्थी को तमंचा दिखाकर 50 लाख रु0 की मांग करना न देने पर गाली गलौच जान से मारने की धमकी देने के संबंध में सूचना दी गई थी ।

## देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

गोंडा। गोंडा जिले में नवाबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी पर हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए एक फोटो पोस्ट की गई थी। इसको लेकर लगातार हिंदू संगठन के लोग कार्रवाई की मांग कर रहे थे और कल हिंदू संगठन के लोगों ने नवाबगंज थाने का घेराव करके आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं आज नवाबगंज पुलिस ने पूरे मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज आगे की जांच में जुटी हुई है। दरअसल नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोफिया के रहने वाले आरोपी गोलू खान उर्फ शाह आलम द्वारा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बीते 23 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद हिन्दू धर्म की भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से हिंदू देवी देवताओं का अभद्र वीडियो बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया था। इसको लेकर मोहल्ला कहरान कस्बा नवाबगंज के रहने विशाल सिंह द्वारा थाना नवाबगंज में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। आज नवाबगंज थाने के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गोलू खान उर्फ शाह आलम को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 मोबाइल आईफोन एक्स.आर बरामद किया है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में पकड़ा गया सॉल्वर

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस की रेडियो संवर्ग भर्ती परीक्षा में मंगलवार को एक सॉल्वर पकड़ा गया। आरोपी अलीगढ़ के हरदुआगंज स्थित परीक्षा केंद्र पर दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने के लिए पहुंचा था। लेकिन जांच के दौरान आरोपी की बॉयोमैट्रिक जांच फेल हो गई। आरोपी की बायोमैट्रिक जांच फेल होने पर आरोपी संदेह के घेरे में आ गया। उसके बाद केंद्र प्रभारियों ने उसकी सघनता से जांच की। जांच में फेल होने पर आरोपी को तत्काल पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पूछताछ कर रही है। अलीगढ़ के 5 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है। इसमें विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए आ रहे हैं। हरदुआगंज थाना क्षेत्र के कानपुर हाईवे जीटी रोड स्थित परीक्षा केंद्र एसएसएलडी वार्ष्णेय इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग कालेज में मंगलवार को भर्ती परीक्षा हो रही थी। इस दौरान कालेज के परीक्षा सेंटर प्रभारी नीरज यादव को फिरोजाबाद के परीक्षार्थी राजीव शर्मा के ऊपर संदेह हुआ। जिसके बाद उन्होंने उसकी बायोमैट्रिक जांच की। बॉयोमैट्रिक जांच में आरोपी फेल हो गया।

## पति से झगड़े के बाद महिला ने दी जान

बदायूं। बदायूं में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक विवाहिता ने जहर खाकर जान दी है। घटना के पीछे घरेलू कलह की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना सहसवान कोतवाली इलाके के गांव मानकपुर की है। यहां रहने वाले तेजपाल की पत्नी रेखा (40) का उसके पति से अक्सर झगड़ा होता था। बताया जाता है कि तेजपाल अक्सर शराब पीकर घर आता था और यही पूरे झगड़े की वजह बनती थी। सोमवार को भी तेजपाल दारू पीकर शाम के वक्त घर लौटा, जबकि बाद में उसने भैंसों को भूसा डालने की बात रेखा से कही। रेखा ने भूसा डालने से इंकार कर दिया। इसी को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ इस पर तेजपाल ने रेखा के साथ मारपीट भी की थी। परिजनों के मुताबिक कुछ देर बाद रेखा घर से बाजार की ओर चली गई और वहां से जहरीला पदार्थ खरीद लाई। देर रात उसने जहर खा लिया।

## अवैध शराब 301 पेटियां हुई बरामद

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने अवैध शराब से भरी डीसीएम जब्त की है। साथ ही डीसीएम चालक को भी गिरफ्तार किया है। डीसीएम में मिली अवैध शराब लगभग 26 लाख रुपए की बताई जा रही है। बताते चलें कि मूसानगर पुलिस पथार गांव पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर ने अवैध शराब से भरी एक डीसीएम के आने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर ली। इस दौरान कुछ देर के बाद डीसीएम को पुलिस ने आता देखा और रोकने का प्रयास किया पर पुलिस को देखा डीसीएम चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पहले से घेराबंदी के चलते पुलिस ने डीसीएम सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया। डीसीएम की तलाशी लेने पर डीसीएम से अवैध शराब की 301 पेटियां (कुल 2709 लीटर) बरामद हुई।

# मेरठ में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

मेरठ। मेरठ में भारतीय सेना के एक जवान ने सुसाइड कर ली। जवान ने घर पर ही अपने सिर पर असलहे सटाकर गोली मार ली। जिससे मौके पर ही जवान की मौत हो गई। जसवीर राजपूत रेजिमेंट में कॉन्स्टेबल के पद था और लखनऊ में उसकी पोस्टिंग थी।

मामला मुंडाली थाना क्षेत्र के अटौला गांव का है। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सुसाइड के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं लग सका है। परिजनों की तरफ से कोई भी तहरीर नहीं दी गई है।

### एक महीने की छुट्टी पर घर आया था जवान

जसवीर राजपूत रेजिमेंट में लखनऊ में तैनात थे। एक महीने की छुट्टी पर वह घर आए थे और आज ही उनको ड्यूटी दोबारा ज्वाइन करनी थी। सुबह करीब साढ़े 6 बजे उन्होंने सिर में तमंचा सटाकर खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर जब घर वाले कमरे में पहुंचे जसवीर लहूलुहान हालत में पड़े थे। इसके बाद घरवालों ने डॉक्टर को बुलाया लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### 3 भाइयों में सबसे छोटा थे जसवीर

जसवीर 3 भाईयों में सबसे छोटा थे। एक भाई हापुड़ में खेती करता है। जबकि दूसरा भाई मेरठ में ही रहकर काम करता है। जसवीर के 12 साल की एक बेटी भी है। शादी को लगभग 13 साल हो चुके हैं। सबसे छोटा 1 जनवरी को नए साल पर जसवीर मेरठ एक महीने की छुट्टी पर परिवार के पास आया था।

30 जनवरी यानी मंगलवार को जवान की छुट्टी खत्म हो रही थी। उसको दोबारा यूनिट पर जाकर ड्यूटी ज्वाइन करनी था लेकिन पर ड्यूटी जाने के बजाय जसवीर ने खुद को गोली मार ली। हालांकि पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जसवीर पिछले 12 सालों से सेना में नौकरी कर रहा था।

# हरदोई में कांग्रेसियों ने निकाली न्याय यात्रा

हरदोई। हरदोई में कांग्रेस नेताओं ने ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्राओं का समापन जिला मुख्यालय पर बड़ी न्याय यात्रा निकालकर तिकुनिया पार्क स्थिति गांधी बापू की मूर्ति पर रामधुन गाकर किया गया। गांधी जी के शहीद दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस न्याय यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह यात्रा सामाजिक, राजनैतिक न्याय, संविधान और मौलिक अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने किया। इस यात्रा में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव हरदोई प्रभारी सुरेंद्र कुशवाहा ने किया। प्रदेश सचिव सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि गांधी के सपनों का भारत बनाने के संकल्प के साथ न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी के समर्थन में समूचा देश एकजुट है। बापू के सिद्धांतों पर चलकर राहुल गांधी ने नफरतवादी ताकतों को करारा जवाब दिया है। आज ही के दिन नफरत और हिंसा की विचारधारा ने देश से उनके पूज्य बापू को छीना था और आज वही सोच उनके सिद्धांतों और आदर्शों को भी हमसे छीन लेना चाहती है।

# यूपी के 12 शहर में फॉग, 4 में कोल्ड-डे अलर्ट

## लखनऊ-वाराणसी में विजिबिलिटी 200 मीटर, बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं



**कानपुर।** यूपी में कड़ाके की ठंड से राहत मिलना धीरे-धीरे शुरू हो गई। हालांकि, ठंडी हवाएं अभी चल रही हैं। सोमवार सुबह से लखनऊ-वाराणसी में कोहरा छाया हुआ है। यहां विजिबिलिटी 200 मीटर तक पहुंच गई। गाजियाबाद में कोहरे के चलते टूरिस्ट बस ट्रक से भिड़ गई। हादसे में कई सवारियां चोटिल हो गईं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है। बस जयपुर से उत्तराखंड के टनकपुर जा रही थी।

मौसम विभाग ने 12 जिलों में घने कोहरे और 4 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही बुधवार को पश्चिमी यूपी के 21 जिलों में बारिश और ओले गिरने की संभावना जताई है। सोमवार की बात करें तो झांसी सबसे गर्म शहर रहा है। यहां 26.2 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि बिजनौर का नजीबाबाद का सबसे सर्द रहा। यहां 6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

### पहाड़ों में बर्फबारी से बढ़ेगी ठंड

कानपुर की सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि सुबह और शाम कोहरे की स्थिति बनी रहेगी। दोपहर में धूप भी निकलेगी, लेकिन असरदार नहीं होगी। दिन ठंडे बने रहेंगे, मगर थोड़ी राहत रहेगी। सूर्य के उत्तरायण होने से जेट स्ट्रीम से आने वाली ठंडक भी कमजोर हो गई। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर फरवरी में भी मैदानी इलाकों में देखने को मिल सकता है। इससे ठंड एक बार फिर से बढ़ सकती है।

### इन जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा

देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी।

### 4 जिलों में कोल्ड-डे के आसार

सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में कोल्ड-डे होने के आसार हैं।

### बारिश के साथ ओले गिरने के आसार

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ , गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल और बदायूं।

# आगरा के आयकर कर्मचारी से एक लाख की ठगी

## पुलिसकर्मी बन साइबर ठग ने की ठगी, बेटे को अपहरण के केस से बचाने के लिए ट्रांसफर कराई रकम




आगरा। आगरा में एक आयकर कर्मचारी से साइबर ठगों द्वारा पुलिसकर्मी बनकर लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। आयकर कर्मचारी को उसके बेटे के एक लड़की के अपहरण में फंसने की बात कर ठगों ने कर्मचारी को अपनी बातों में और उससे एक लाख से अधिक रुपए की ठगी कर ली। कर्मचारी को जब इस बारे में पता चला तो उसने पुलिस से इसकी शिकायत की। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

थाना सिकंदरा क्षेत्र के ऋषी पुरम के रहने वाले उमेश आयकर विभाग में तैनात है। पीड़ित उमेश ने बताया कि उनके दो पुत्र हैं। एक आगरा में उनके साथ रह रहा है और दूसरा मुरादनगर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। एक अनजान नंबर से उनके पास रविवार को कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि वह दरोगा विजय कुमार बोल रहा है। आरोपी ने कहा कि आपका पुत्र चार अन्य दोस्तों के साथ लड़की के अपहरण के मामले में फंस गया है।

### बेटे को छुड़ाने के नाम पर 120000 रुपए ठगे

ऐसे में पीड़ित ने अपने दूसरे बेटे को तुरंत कॉल लगाया तो उसका नंबर बंद बताने लगा। जिससे वह काफी डर गए। और उन्होंने दोबारा से अज्ञात व्यक्ति द्वारा आए नंबर पर कॉल किया तो आरोपी ने बेटे के दोस्तों के चक्कर में गलत फसने का हवाला दिया। और बेटे को छुड़ाने के नाम पर छह बार में करीब 120000 रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

### आरोपी की तलाश की जा रही है

कुछ समय बाद पीड़ित की उनके बेटे से बात हुई तो पता चला कि वह परीक्षा में बैठा था, इसकी वजह से उसका फोन बंद था।

ऐसे में उन्हें अपने साथ हुई इस ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने इसकी शिकायत साइबर अपराध पोर्टल पर की और थाना सिकंदरा को भी सूचना दी। थाना सिकंदरा प्रभारी निरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया किसाइबर क्राइम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच साइबर सेल को दे दी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# बहराइच में सड़क हादसे में दो मरे

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के नानपारा-नवाबगंज मार्ग पर सोमवार देर रात में तेज रफ्तार बाइक के पेड़ से टकराने से उसमे सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खाबा कला निवासी मंशाराम वर्मा (50) गांव निवासी लालता वर्मा (32) और बनगई गांव निवासी गौतम वर्मा (35) के साथ बाइक से सोमवार को नानपारा क्षेत्र में काम से गए थे। देर रात तीनों वापस अपने घर जा रहे थे कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के नानपारा-नवाबगंज मार्ग पर मथुरा पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में मौके पर ही लालता और गौतम की मौत हो गई जबकि मंशाराम घायल हो गये।

# मेरठ के रेलवे रोड पर मिला शव

**मेरठ।** मेरठ रेलवे रोड थाना क्षेत्र स्थित केसरगंज चौकी के निकट एक सरकारी स्कूल में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया और उसकी पहचान करने में जुट गई। घंटे बाद मृतक की पहचान रेलवे रोड थाना क्षेत्र स्थित मोहल्ला मछेरान के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने से पीट-पीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैसरगंज चौकी के निकट राजकीय कन्या दीक्षा विद्यालय परिसर में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप गया। जानकारी मिलने पर रेलवे रोड थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान करने में जुट गई। घंटों के प्रयास के बाद मृतक की पहचान मोहल्ला मछेरान निवासी आस मोहम्मद के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक के परिवार वालों को दी। वही मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने से पीट-पीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मृतक के परिवार वालों ने बताया कि मृतक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था और सोमवार रात घर से निकला था मृतक के शरीर पर चोट के निशान से पीट-पीटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न




विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा

**सीतापुर।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति/बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ/वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीतापुर में बैठक में मिशन वात्सल्य की कार्य/प्रगति पर चर्चा की गई।

सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण उपलब्ध कराए जाने हेतु ग्राम स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय बैठकों की समीक्षा, बच्चों को नियमित शिक्षा उपलब्ध कराए जाने हेतु शिक्षा विभाग की समीक्षा तथा बाल विवाह एवं बाल श्रम रोकथाम पर चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड एवं सामान्य के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे बच्चों को गुणवत्तापरक निशुल्क शिक्षा पोषण व आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा विभिन्न ब्लॉकों से चिन्हित बच्चों को पात्रता की स्थिति में लाभान्वित कराए जाने के लिए कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# शातिर चोर गिरफ्तार,नगदी व माल बरामद

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा

सीतापुर। एसपी चक्रेश मिश्रा द्वारा जनपद में अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी मिश्रित लहरपुर राजेश यादव के नेतृत्व में थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमे में प्रकाश में आए शातिर चोर लालन शर्मा पुत्र अर्जुन निवासी सुरजीपुर थाना कोतवाली नगर जनपद हरदोई को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गयी हैं। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा थाना नैमिषारण्य क्षेत्र के अंतर्गत राजघाट पार्किंग स्थल से चोरी की गई थी। जिससे चोरी किये गये कुल 5500 रुपया नगद व एक वीवो मोबाइल फोन बरामद हुआ है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# ललितपुर में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का हुआ शुभारम्भ



**ललितपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यकम अन्तर्गत दिनांक 30.01.2024 को डा0 इम्तियाज अहमद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर द्वारा महात्मा गांधी जी के निर्वाण दिवस पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान पखवाड़ा का शुभारम्भ राजकीय इन्टर कालेज, ललितपुर में आयोजित रैली को हरी झंड़ी दिखाकर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में महात्मा गांधी जी की फोटो का अनावरण एवं पुष्पांजली अर्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 30.01.2024 से 13.02.2024 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग कुष्ठ रोगियों को लेकर पूरी तरह से संजीदा है। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत रोगियों की तलाश की जायेगी एवं कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जायेगा। कुष्ठ रोगी के मिलने पर उसका समय से उपचार प्रारम्भ करके दिव्यांगता से बचा जा सकता है। वर्ष 2023-24 में 104 कुष्ठ मरीजों ने नियमित दवा का सेवन कर बीमारी को मात दी है। वर्तमान में जनपद में 94 मरीज कुष्ठ की दवा का सेवन कर रहे है। डा0 सौरभ सक्सेना, उप जिला कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है, जो कि माइकोबैक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से होता है, यह रोग मुख्यता तंत्रिकाओं, त्वचा एवं हाथों को प्रभावित करता है। रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणु मुख्यता: श्वसन तंत्र जैसे की छीकने-खांसने से शरीर में प्रवेश करते है। कुष्ठ के लक्षणों में त्वचा के गहरे या हल्के रंग के दाग-धब्बे जिनमें सुन्नपन है, हाथ व पैरों में झुनझनी, हाथ पैरों या पलकों में कमजोरी, नसों में दर्द, चेहरे / कान में सूजन या घाव/हाथ या पैरों में दर्द रहित घाव आदि लक्षण होते हैं। कुष्ठ रोग का पता चलते ही तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक को दिखाना चाहिये / एम0डी0टी0 के माध्यम से कुष्ठ का उपचार सम्भव है।

## सऊदी अरब में है दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत, नाम है माराया



सऊदी ।दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत सऊदी अरब में है। इस इमारत का नाम माराया है, जो कि कांच से ढंकी इमारत है। बता दें कि दुनिया में एक से बढ़कर एक इमारतें हैं जो अपनी भव्यता और सुंदरता के लिए जानी जाती हैं। हर प्रसिद्ध इमारतों में कुछ न कुछ खास बात होती है। ऐसी ही एक इमारत सऊदी अरब में है जो कि पूरी कांच की बनी है। इस बिल्डिंग का नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। ये दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत है जो कि सऊदी अरब के अलउला में स्थित है। इस बिल्डिंग का नाम माराया है। ये एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ दर्पण या प्रतिबिंब होता है। इस बिल्डिंग का वीडियो सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है कि 'माराया दुनिया की सबसे बड़ी कांच से ढकी इमारत है।' वायरल वीडियो में देख सकते हैं कि शीशे की तरह चमकदार इस बिल्डिंग के पीछे पहाड़ियां दिख रही हैं। इस बिल्डिंग की दीवार लंबी हैं, जिस पर चारो तरफ शीशे ही शीशे लगे हुए हैं। बिल्डिंग के शीशे में रेत के टिले, पहाड़, सड़क पर चल रही गाड़ियां और लोगों की प्रतिबिम्ब बनते हुए दिख रहा है। वीडियो को सड़क पर जा रहे एक वाहन चालक ने रिकॉर्ड किया है। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को खबर लिखे जाने तक 22.3 मिलियन लोगों ने देखा और 78 हजार लोगों ने लाइक किया है। यह इमारत 9,740 ग्लास पैनलों से बनी है, जो इमारत के 105,000 स्क्वायर फुट को कवर करता है। इस बिल्डिंग को वास्तुशिल्प का चमत्कार कहा जाता है। माराया को कॉन्सर्ट हॉल, इवेंट्स स्पेस और मनोरंजन स्थल के रूप में बनाया गया है। कॉन्सर्ट हॉल में 500 सीटें हैं। यह बिल्डिंग चार मंजिला ऊंची है, जिसमें एंटरटेनमेंट वेन्यू, इवेंट, कॉन्फ्रेंस और डाइनिंग की सुविधाएं हैं। माराया कॉन्सर्ट हॉल, जैसा हॉल अन्य कहीं नहीं मिलेगा। ये कॉन्सर्ट हॉल 1777 वर्गमीटर का एक ऑडिटोरियम है, जहां 500 गेस्ट्स आराम से बैठ सकते हैं। इस कॉन्सर्ट हॉल में एक रॉयल सुइट भी है, जो रॉयल फैमिली के लोगों के लिए बुक रहता है।

## विवादित अबेई क्षेत्र में हुई झड़प, 54 लोगों की गयी जान

खार्तूम। सूडान और दक्षिण सूडान के बीच तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में अंतर-सांप्रदायिक झड़पों में 52 नागरिक और दो शांति सैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबेई (यूएनआईएसएफए) ने दी है। इस दौरान यूएनआईएसएफए ने एक बयान में अबेई में जारी अंतर-सांप्रदायिक झड़पों को लेकर चिंता जतायी और कहा कि शनिवार को एक और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक की मौत हो गयी। वहीं संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि वह झड़पों के कारण मारे गए, घायलों और विस्थापितों की संख्या की पुष्टि करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। मौजूदा समय में मृतक और घायल नागरिकों की संख्या क्रमशः 52 और 64 है। यूएनआईएसएफए ने नागरिकों और शांति सैनिकों के खिलाफ इन हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि नीले हेलमेट के खिलाफ हिंसा अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र मिशन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह शांति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास हो रहा है, जिसमें सक्रिय रूप से और मजबूती से नागरिकों की रक्षा करना, अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए त्वरित जांच की मांग दोहराना शामिल है। यहां गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की स्थापना 2011 में सुरक्षा परिषद द्वारा विवादित अबेई क्षेत्र की निगरानी के लिए की गई थी। बता दें कि मौजूदा समय में सूडान और दक्षिण सूडान के बीच सीमा पर 5,326 सैनिक तैनात हैं।

## चीन के शिनजियांग प्रांत में आया भूकंप

बीजिंग । पश्चिमोत्तर चीन में भूकंप आने के समाचार मिले हैं। जानकारी के अनुसार शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र के किर्गिज़ स्वायत्त प्रान्त किज़लिसु के अहेकी काउंटी में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार सुबह 6-27 बजे ये झटके महसूस किये गये। इस दौरान भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गयी। सीईएनसी ने कहा कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 41.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.67 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।




## लेबनान में इजरायली हमले का कहर, 2 की मौत, 2 घायल

बेरूत ।लेबनान की दक्षिणी सीमाओं पर इजरायल हमलों का कहर बरप रहा है। जानकारी के अनुसार इजरायल की ओर से किए गए हमले में सोमवार को हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के आठ कस्बों और गांवों पर 14 हवाई हमले किए गए और तीन घरों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के 15 कस्बों और गांवों पर इजरायल की ओर से लगभग 100 गोले भी दागे गए, जिससे आठ मकान नष्ट हो गए और 25 अन्य को नुकसान पहुंचाया गया है। इधर लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-समाका, अल-मोटेला और ज़ारिट बैरक सहित कई इजरायली ठिकानों पर हमला किया। बता दें कि हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर हमास के हमलों का समर्थन करने के बाद गत आठ अक्टूबर से लेबनानी-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया है। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 239 लोग मारे गए हैं, जिनमें 173 हिजबुल्लाह सदस्य और 39 अन्य नागरिक शामिल हैं।

## आधे से ज्यादा जमीन खरीदकर गांववालों को परेशान कर रहा अरबपति

लंदन । ब्रिटेन के एक शख्स ने पैसे के दम पर एक गांव की ज्यादातर जमीनें खरीद ली और अब वह लोगों को परेशान करने पर तुला हुआ है। जानकार इस घटना पर कह रहे हैं कि पैसा हो तो इंसान क्या कुछ नहीं कर सकता। वो गरीब लोगों के जीवन में तमाम मुश्किलें भी खड़ी कर सकता है। जैसा कि इस शख्स ने किया है। जानकरी के अनुसार माइकल ब्रिच नाम के एक शख्स ने एक गांव की आधे से ज्यादा जमीन खरीद ली। अब वो उसे खिलौने की तरह इस्तेमाल कर रहा है, जिससे वहां रहने वाले आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह अरबपति ब्रिटेन का रहने वाला है। वो तब खबरों में आया था, जब उसने सोशल मीडिया साइट बेबो को 2008 में लगभग 800 मिलियन पाउंड में बेच दिया था और बाद में उसे लगभग 1 फीसदी कीमत पर वापस खरीद भी लिया था। अब ब्रिच उत्तरी डेवोन के छोटे से गांव वूलसेरी में जमीन खरीद रहा है। इसे खूबसूरत बनाने और किसानों की मदद करने के बजाय वो यहां की जमीन को वह खिलौने की तरह इस्तेमाल कर रहा है। अपना मन बहलाने के लिए उसने यहां एक फर्जी फिल्म सेट भी बना लिया है। बताया जा रहा है कि उसने इस जगह को फिल्म सेट जैसा दिखाने के लिए बड़ी हवेली जैसा घर बनाने की योजना बनाई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इससे उनके और अमीर लोगों के बीच जंग शुरू हो जाएगी। ब्रिच के यहां जमीन खरीदने के बाद से प्रॉपर्टी के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। अब लोगों को गांव छोड़कर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि अब तक उसने कई कॉटेज, एक बड़ा फार्म, स्थानीय सुपरमार्केट, मछली और चिप की दुकान खरीदी है। उसने क्षेत्र में लगभग 65 नई नौकरियां भी पैदा की है। एक स्थानीय बुजुर्ग ने कहा, ये सब नकली है। वो जो कुछ बनवा रहा है, वह फिल्म सेट जैसा लगता है। ये पारंपरिक तौर पर खेती करने वाला गांव हुआ करता था। इसमें कोई फैन्सी चीज नहीं थी। लोग गांव छोड़कर जाने वाले हैं।




सियोल में लोग टीवी पर उत्तरकोरिया के बैलास्टिक मिसाइल दागे जाने की रिपोर्ट देखते हुए।

# हम तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर... डोनाल्ड ट्रंप क्यों दे रहे डरावनी चेतावनी



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** जॉर्डन में 3 अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ा राजनीतिक युद्ध छिड़ गया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इसका दोष जो बाइडेन पर मढ़ते हुए दावा किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमें तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर ले जा रहे हैं। उनका दावा अब जोर पकड़ रहा है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, जो आंतरिक विफलताओं से जूझ रहा है, सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए तेजी से बाहरी संघर्षों की ओर रुख कर रहा है।

अमेरिकी बेस पर हमले के लिए ईरान समर्थित आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया गया। अमेरिकी बेस पर घातक ड्रोन हमले में तीन सैनिकों की मौत और लगभग 40 अन्य के घायल होने के बाद जीओपी के राष्ट्रपति पद के प्राथमिक दावेदार ने दावा किया कि कमांडर इन चीफ के रूप में जो बाइडेन के साथ हमारा देश जीवित नहीं रह सकता। बाइडेन ने हमलों के लिए कट्टरपंथी ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों को दोषी ठहराया है। उन्होंने अमेरिकियों की मौतों और चोटों के लिए जिम्मेदार लोगों को हमारे द्वारा चुने गए समय पर और तरीके से जवाबदेह ठहराने की कसम खाई है।

संयुक्त राज्य अमेरिका पर यह निर्लज्ज हमला जो बिडेन की कमजोरी और आत्मसमर्पण का एक और भयानक और दुखद परिणाम है, ट्रम्प ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करने के बाद लिखा। ट्रम्प ने यहां तक तर्क दिया कि यदि मैं राष्ट्रपति होता तो घातक हमला कभी नहीं होता, यहां तक कि मौका भी नहीं मिलता। जैसे इजराइल पर ईरान समर्थित हमास का हमला कभी नहीं हुआ होगा, यूक्रेन में युद्ध कभी नहीं हुआ होगा, और अभी हमारे पास पूरी दुनिया में शांति होगी। इसके बजाय, हम तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर हैं।

## इमरान और शाह महमूद कुरैशी को 10 साल की सजा



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को सिफर मामले में कोर्ट ने 10 साल की जेल की सजा सुनाई है। इमरान के साथ पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी 10 साल की सजा हुई है। इमरान वर्तमान में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। स्पेशल कोर्ट के फैसले को इमरान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे पाकिस्तान में आम चुनाव लड़ना चाह रहते थे। माना जा रहा है कि अब दोनों नेताओं को 10-10 साल की सजा के बाद चुनाव लड़ने का रास्ता बंद हो गया है। इमरान और शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ सिफर का ये मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इमरान पर बेहद गुप्त जानकारी के निजी इस्तेमाल करने का आरोप है। सत्ता से बेदखल होने के बाद इमरान ने आरोप लगाया था कि उन्हें बेदखल करने के पीछे अमेरिका का हाथ है। इसके लिए इमरान ने आरोप लगाया था कि वाशिंगटन स्थित पाक एंबेंसी ने उन्हें एक केबल (टेप या गुप्त जानकारी) भेजा था। इमरान ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए एक विवादित राजनयिक बातचीत को सार्वजनिक कर दिया था।

## पड़ोस में हो रहीं गलत चीजों से मुंह नहीं फेर सकते, मालदीव के 'इंडिया आउट' अभियान पर बोले जयशंकर- कोई बच नहीं सकता



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** लाल सागर में व्यापारी नौसेना के जहाजों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के जहाजों की तैनाती के बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत की अधिक क्षमता, उसकी अपनी रुचि और प्रतिष्ठा आज इस बात की गारंटी देती है कि वह वास्तव में कठिन परिस्थितियों में मदद करता है। भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई में एक बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 जहाज तैनात किए हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की अधिक क्षमता, हमारा अपना हित और हमारी प्रतिष्ठा आज इस बात की गारंटी देती है कि हम वास्तव में कठिन परिस्थितियों में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पड़ोस में बुरी चीजें हो रही हैं तो हमें एक जिम्मेदार देश नहीं माना जाएगा और हम कहते हैं कि मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। मालदीव में 'इंडिया आउट' अभियान पर जयशंकर ने कहा कि दिन के अंत में पड़ोसियों को एक-दूसरे की ज़रूरत होती है। उन्होंने कहा कि इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज पर हमला करने के बाद मछली पकड़ने वाले जहाज के 19 पाकिस्तानी चालक दल को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को सोमालिया के पूर्व और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है। जहाज ने सोमवार को ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज इमान पर समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया था।

## भारत की तरह पाकिस्तान में भी नोटबंदी की तैयारी



**कराची (एजेंसी)।** पैसे को मोहताज मुल्क पाकिस्तान इन दिनों अपनी खराब आर्थिक नीतियों के कारण तंगहाली का सामना कर रहा है। अपनी मुद्री की गिरती कीमतों के बीच पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने घोषणा की है कि वह नकदी की कमी वाले देश में नकली मुद्राओं के खतरे से निपटने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ नए मुद्रा नोट पेश करेगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने बताया कि करेंसी नोटों को उन्नत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सुविधाओं के साथ शामिल किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तानी मुद्रा को आधुनिक बनाने के लिए विशिष्ट सुरक्षा संख्या और डिजाइन शामिल होगी। गवर्नर अहमद ने कहा कि परिवर्तन धीरे-धीरे होगा ताकि पाकिस्तान को व्यवधान और परेशानी की समस्याओं का सामना न करना पड़े जैसा कि अतीत में कुछ अन्य देशों में देखा गया है।

हालाँकि, कुछ वित्तीय विशेषज्ञों को आश्चर्य है कि क्या नए मुद्रा नोटों की शुरूआत में नकली और काले धन बाजार से निपटने के लिए 5,000 या उच्च मूल्य वर्ग के नोटों का विमुद्रीकरण भी शामिल हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था काले धन के अवैध उपयोग से काफी प्रभावित है, जो उच्च मूल्यवर्ग के नोटों के प्रचलन के कारण आसान है। बाजार जानकार ने कहा कि पाकिस्तान की मौद्रिक प्रणाली की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए यह सही कदम है, लेकिन क्या इसमें नोटबंदी भी शामिल होगी, यह देखना होगा।

उन्होंने केंद्रीय बैंक को लेकर पुष्टि की कि बाजार में नकली नोटों का चलन बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अगर नए करेंसी नोट प्रसारित किए जाते हैं, तब इससे प्रचलन में विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी और व्यवसायों को भी विश्वास मिलेगा। एक अन्य बैंकर ने कहा कि केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नई मुद्रा के कार्यान्वयन के दौरान जनता और व्यवसायों को कोई असुविधा न हो।

## चीन-पाकिस्तान के उड़ गए होश, जब अचानक तालिबान की बुलाई टॉप मीटिंग में पहुंच गया भारत, और फिर...



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सोमवार को काबुल में तालिबान सरकार द्वारा अफगानिस्तान पर बुलाए गए एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया। यह बैठक, अगले महीने दोहा में संयुक्त राष्ट्र की सभा की पूर्ववर्ती बैठक है, जो क्षेत्रीय कूटनीति में एक उल्लेखनीय कदम है। काबुल में भारत की तकनीकी टीम के प्रमुख रामबाबू चेलप्पा ने देश का प्रतिनिधित्व किया। क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने में नई दिल्ली की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान के संबंध में अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेता है, और अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास के लिए हर प्रयास का समर्थन करता है।

अफगानिस्तान की 'क्षेत्रीय सहयोग पहल' नामक सम्मेलन में रूस, चीन, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष दूतों और राजनयिकों की उपस्थिति देखी गई। तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास की इच्छा पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अफगानिस्तान एक ऐसा देश है जो लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों से गुजरा है और शांति, सुरक्षा और स्थिरता हासिल की है। इसे संयुक्त राष्ट्र के किसी अन्य विशेष प्रतिनिधि की आवश्यकता नहीं है। मुत्ताकी ने तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान की हालिया प्रगति पर भी प्रकाश डाला, जिसमें सुरक्षा बलों को संगठित करना, खतरों को बेअसर करना, पोस्ता की खेती पर प्रतिबंध लगाना और प्रमुख विकास परियोजनाएं शुरू करना शामिल है।

उन्होंने प्रतिभागियों से आपसी हितों के आधार पर जुड़ाव और सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए आगामी दोहा बैठक में अफगानिस्तान की वर्तमान वास्तविकताओं का सटीक रूप से प्रतिनिधित्व करने का आग्रह किया। मुत्ताकी ने कहा कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए, मैं यहां उपस्थित सभी लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे आगामी दोहा बैठक में आज के अफगानिस्तान की जमीनी हकीकत को दूर-दराज के पक्षों के सामने पेश करें, ताकि वे अफगानिस्तान के लिए यथार्थवादी, समझदार और स्वीकार्य दृष्टिकोण के साथ रचनात्मक जुड़ाव और सहयोग में प्रवेश कर सकें।

# पाकिस्तान के कई इलाकों पर किया गया कब्जा, बलूच आर्मी के आगे मुनीर की सेना ने घुटने टेके

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। लेकिन उससे पहले ही पाकिस्तान में हमलों की बौछार हो गई है। पाकिस्तान में एक ही समय पर कई जगहों से हमले किए जा रहे हैं। अब तो पाकिस्तान के कई इलाकों पर कब्जा तक कर लिया गया है। भारत में बैठे लोगों को अंदाजा भी नहीं होगा कि पाकिस्तान पर कितना बड़ा हमला हुआ है। ईरान के हमले के बाद अब बताया जा रहा है कि अलग देश की मांग कर रही बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तानी सेना पर बड़ा हमला कर दिया है। बलूचों का कहना है कि उन्होंने 50 पाकिस्तानी सैनिकों को मार दिया है। पाकिस्तान की सेना इतनी डर गई है कि वो अपने सैनिकों की लाशें तक उठाने नहीं गई। पाकिस्तानी सेना ने तो इन्हें अपना सैनिक मानने से भी इनकार कर दिया है। बलूचिस्तान के माच और बोलन शहर पर कब्जे का दावा भी बीएलए की तरफ से किया गया है। बलूचों ने इन शहरों में हर तरफ बारूदी सुरंगे लगा दी हैं। पाकिस्तान की सेना अब इन इलाकों में घुसने से घबरा रही है।

### सुरक्षा बलों ने माच रेलवे स्टेशन पर हमले को नाकाम कर दिया

रॉकेट पास के पहाड़ों से दागे गए और माच शहर के विभिन्न इलाकों में विस्फोट हुए। रॉकेट दागने के बाद आतंकियों ने सेंट्रल जेल के पास सुरक्षा बलों के कैंप पर हमला किया और माच रेलवे स्टेशन में भी घुस गए। अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी जारी रहने के बाद लोगों को घर के अंदर रहने के लिए लाउडस्पीकर से घोषणा की गई। बलूचिस्तान में जेल महानिरीक्षक शुजा कासी ने पुष्टि की कि रॉकेट माच जेल की आवासीय कॉलोनी की दीवारों पर गिरे। उन्होंने कहा, मोर्टार गोले और रॉकेट कॉलोनी की दीवारों के करीब फटे। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में माच जेल में 800 कैदियों को रखा गया है, जिनमें कुछ मौत की सजा पाए कैदी भी शामिल हैं। मंत्री ने दावा किया कि आतंकवादी असलम अचो समूह से जुड़े थे, प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) समूह के माजिद ब्रिगेड ने बाद में हमले की जिम्मेदारी ली थी। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों और बलों के बीच गोलीबारी कुछ घंटों तक चली, इससे पहले कि दिन का उजाला होने से पहले वे आसपास के पहाड़ों में भाग गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### बीएलए पाकिस्तानी पुलिस पर हमला क्यों कर रही है?

यह हमला पाकिस्तानी हमलों का स्पष्ट प्रतिशोध था, जिसे देश ने जनवरी की शुरुआत में ईरान में विद्रोहियों के ठिकाने बताया था। बीएलए ने 18 जनवरी को ईरान में उनके शिविरों पर पाकिस्तान के हमलों के बाद बलूचिस्तान और अन्य जगहों पर सुरक्षा बलों पर हमले शुरू करने की धमकी दी थी, जिसमें कम से कम नौ लोग मारे गए थे। ये हमले पाकिस्तान में ईरानी हमले के जवाब में किए गए जो समान अलगाववादी लक्ष्यों वाले एक अलग बलूच समूह को निशाना बनाकर किए गए थे।



## टी20 प्रारुप में खेला जाएगा एशिया कप

### यूएई ओर ओमन मेजबानी की दौड़ में शामिल

**मुम्बई ।**

अगले साल 2025 में होने वाला एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट टी20 प्रारुप में खेला जाएगा। वहीं पिछला एशिया कप एकदिवसीय प्रारुप में खेला गया था जिससे कि एकदिवसीय विश्वकप के लिए खिलाड़ियों को अनुभव मिल सके। पिछली बार एशिया कप पहले पाकिस्तान में खेला जाना था पर अंत में इसे संयुक्त रुप से पाक और श्रीलंका में आयोजित किया गया था। इस बार इसकी मेजबानी ओमान और यूएई में से किसी एक को मिल सकती है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने टी20 विश्व कप 2026 की बेहतर तैयारी के लिए इस आयोजन को टी20 प्रारूप में ही खेलने का फैसला किया है। एसीसी की आगामी वार्षिक आम बैठक में इस पर फैसला होगा। यह बैठक इंडोनेशिया के बाली में दो दिनों में होगी। वहीं टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए यूएई और ओमान से बात हो रही है। पांच साल में दूसरी बार एशिया कप टी20 प्रारुप में खेला जाएगा। एशिया कप में भारतीय टीम हमेशा ही हावी रही है और उसने अब तक 8 बार खिताब जीता है। वहीं श्रीलंका ने 6 बार जबकि पाक ने दो बार जीत दर्ज की है।




# सूरज पंवार ने 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में पेरिस 2024 क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया

**चंडीगढ़**

उत्तराखंड के सूरज पंवार ने मंगलवार को यहां इंडियन ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता में पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग मानक हासिल कर लिया है। पंवार ने एक घंटा, 19 मिनट और 43 सेकेंड (1:19:43.08) का समय निकालकर रजत पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल का क्वालीफाइंग मानक 1:20:10 है। पिछले साल पेरिस क्वालीफिकेशन हासिल करने वाले अक्षदीप सिंह ने 1:19:37.56 के समय के साथ अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया, और 1:19:55.00 सेकेंड के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने पिछले साल फरवरी में नेशनल के दौरान बनाया था। सर्विन ने मंगलवार को 1:20:29 के समय के साथ कांस्य पदक जीता और पेरिस 2024 के लिए प्रवेश मानक को तोड़ने से चूक गए।

23 वर्षीय आकाशदीप, विकास सिंह और परमजीत बिष्ट के बाद पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए प्रवेश मानक को तोड़ने वाले चौथे भारतीय हैं। लेकिन पेरिस 2024 में एक कार्यक्रम में एक देश में केवल तीन रेसवॉकर हो सकते हैं और अब एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) को इस पर अंतिम फैसला करना है कि चार में से कौन पेरिस जाएगा। इस बीच,



महिलाओं की स्पर्धा में पंजाब की मंजू रानी ने 1:34:16.67 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पायल (1:34:45.10) और मुनिता प्रजापति (1:35:36.16) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।35 किमी पुरुष और महिला दौड़ बुधवार को आयोजित की जाएगी।

# भारत की पुरुष और महिला बैडमिंटन टीमों को चीन के साथ एक ही समूह में रखा गया

**नई दिल्ली,**

एकल में एचएस प्रणय की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम और युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जबरदस्त जोड़ी को एक चुनौतीपूर्ण ड्रा में आगामी बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए हांगकांग और एशियाई पावरहाउस चीन के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। चैंपियनशिप का पांचवां संस्करण 13-18 फरवरी, 2024 तक शाह आलम, मलेशिया में होने वाला है। केवल शीर्ष दो टीमों के नॉकआउट चरण में पहुंचने के साथ, भारत को उस समूह में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है जिसमें क्षेत्र के सबसे मजबूत बैडमिंटन राष्ट्र में से कुछ शामिल हैं इसी तरह, प्रतिष्ठित पी.वी सिंधु की कप्तानी वाली भारतीय महिला टीम को चीन के साथ ग्रुप डब्ल्यू में रखा गया है। पुरुषों के समूह के विपरीत, महिलाओं के समूह में केवल दो टीमें शामिल हैं, जिससे भारत और चीन दोनों को नॉकआउट चरण में जगह मिल गई है। फ्रेंच ओपन में लगी चोट के कारण लगभग तीन महीने तक बाहर रहीं सिंधु इस टूर्नामेंट से वापसी करेंगी। महिला टीम में अश्विनी पोनप्पा, गायत्री गोपीचंद और नवोदित अनमोल खरब जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं।बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप प्रतिष्ठित थॉमस कप (पुरुष टीम विश्व कप) और उबेर कप (महिला टीम विश्व कप) के लिए क्वालीफायर के रूप में काम करती है। पोडियम फिनिश का लक्ष्य रखने वाली भारतीय टीमों के पास पिछले संस्करण से अपने प्रदर्शन को बेहतर करने का मौका है, जहां पुरुष और महिला दोनों टीमें ग्रुप चरण में बाहर हो गई थीं। अपने थॉमस कप खिताब का बचाव करने की कोशिश कर रही पुरुष टीम के पास प्रणय, सात्विक और चिराग की मजबूत लाइनअप है। इस बीच, महिला टीम अपने पिछले क्वार्टरफाइनल को पार करना चाहती है। अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं के मिश्रण के साथ, भारत चैंपियनशिप के इस संस्करण में उत्कृष्ट प्रदर्शन का लक्ष्य रखेगा। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप भारतीय उस्ताद पी.वी सिंधु के लिए विशेष महत्व रखती है, जो चोट के कारण हुए अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी प्रतिस्पर्धा में लौट आई हैं। सिंधु का नेतृत्व, टीम की गहराई के साथ मिलकर, भारत के लिए महाद्वीपीय बैडमिंटन मंच पर अपनी छाप छोड़ने और 2024 में एक सफल अभियान की नींव रखने का अवसर प्रस्तुत करता है।



# भारतीय टीम ने इंग्लैंड को ज्यादा ही आजादी दे दी : पनेसर

**ल्यूटन ।**

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ मिली जीत काफी बड़ी है और इसी ने भी इसकी कल्पना नहीं की थी। पनेसर के अनुसार भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को भी इसका अंदेशा नहीं था। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि अब आने वाले मैचों में भारतीय टीम को मेहमान टीम को अधिक आजादी नहीं देनी होगी। उन्होंने माना कि विराट कोहली टीम में होते तो वह उनकी टीम के लिए जीत दर्ज करना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड टीम अब भी आगामी चार टेस्ट मैचों में असफलता के डर के साथ खेलेगी। मोंटी ने कहा कि इंग्लैंड की टीम हार से नहीं डरती, अगर वे हारते हैं तो भी नहीं डरते। इसलिए अगले चार मैचों में भी वे असफल होने से डरे बिना खेलेंगे। यह एक बहुत बड़ी जीत है, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह संभव होगा। सभी ने सोचा था कि इंग्लैंड 190 रनों से पीछे होन के बाद हार जाएगा पर ओली पोप ने शानदार पारी खेलकर बाजी पलट दी। ये सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी और रोहित इसका अंदाज नहीं लगा पाये थे। उन्होंने आगे कहा कि इंग्लैंड की भारत पर पहले टेस्ट मैच में 28 रनों की जीत से ऐसा लगा जैसे उन्होंने विश्व कप जीत लिया हो। यह इंग्लैंड की विदेश में अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक थी। यह इंग्लैंड में एक बड़ी खबर है। ऐसा लगता है जैसे हमने विश्व कप जीत लिया है। इस स्पिनर ने कहा कि मेहमान टीम भारतीय क्रिकेटरों को देखकर सीख रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि इंग्लैंड टीम ने भारत की कमजोरियों को देखा है और इसी कारण उन्हें समझ आया कि उन्होंने मेजबान टीम को कैसे हराया जाये। मोंटी ने कहा कि मुझे लगता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम है जो भारत से सीख रही है, वे भारत को देखते हैं, वे देखते हैं कि गेंदबाज कैसे गेंद डालते हैं, वे देखते हैं कि वे कैसे बल्लेबाजी करते हैं और उनकी शारीरिक भाषा कैसी है। वे भारतीय टीम में किसी भी कमजोरी को देखते हैं और फिर वे समझना शुरू करते हैं कि वे क्या कर रहे हैं।

# घरेलू क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले सरफराज अब अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में उतरेंगे

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शामिल

**मुम्बई ।**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय टीम की हार के साथ ही दो खिलाड़ी भी चोटिल हो गये। ऐसे में दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में बदलाव करते हुए घरेलू क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज सरफराज खान को शामिल किया गया है। भारतीय टीम पहले टेस्ट में हार के कारण सीरीज में 1-0 से पीछे है। भारतीय टीम में पहला टेस्ट हारने के बाद बड़े बदलाव किए गए हैं पर ये ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल के चोटिल होने की वजह से करने पड़े हैं। जडेजा और राहुल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में उनकी जगह पर चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन सुंदर और सरफराज खान के नाम की घोषणा की है। वहीं आवेश खान को पिछले दिनों बाहर कर दिया गया था। इसलिए उनके स्थान पर सौरव कुमार को टीम में जगह दी गई है.



सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकार्ड रहा है। उन्होंने इसमें जमकर रन बनाये हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं ने उन्हें दूसरे टेस्ट मैच के लिए अवसर दिया है। इससे पहले इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ खेली जा रही अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में सरफराज ने 161 रन की शानदार पारी खेली थी। गौरतलब है कि 2020 रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुंबई की तरफ से खेलते हुए सरफराज ने 301 रन बनाये थे।

# डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में 31 देशों की खिलाड़ी भाग लेंगी

**मुंबई,**

महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा आयोजित मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों की खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगी, जो छह साल के अंतराल के बाद टेनिस कैलेंडर में लौट आया है। यह डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन का तीसरा संस्करण है, जिसमें दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका (2017) और थाईलैंड की लुक्सिका कुमखुम (2018) सहित पिछले एकल चैंपियन शामिल हैं। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में एक रोमांचक लाइन-अप में एकल में तीन शीर्ष 100 खिलाड़ी और युगल स्पर्धा में छह शीर्ष 100 खिलाड़ी शामिल होंगे, जो डब्ल्यूटीए .125च श्रृंखला का एक हिस्सा है। टूर्नामेंट क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में नवनिर्मित टेनिस कोर्ट पर खेला जाएगा। क्वालीफाइंग मैच 3 और 4 फरवरी से खेले जाएंगे जबकि मुख्य ड्रॉ की कार्रवाई 5 फरवरी से शुरू होगी। फाइनल 11 फरवरी को खेला जाएगा। अमेरिकी कायला डे, 2016 यूएस ओपन गर्ल्स सिंगल्स चैंपियन और विश्व नंबर 82, जापान की नाओ हिबिनो, तीन डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब के विजेता और पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक, 97 वें स्थान पर हैं, के साथ 32-खिलाड़ियों के क्षेत्र का नेतृत्व करेंगी। मैदान में अन्य खिलाड़ियों में अमेरिकी केटी वोलिनेट्स, ऑस्ट्रेलियाई अरीना रोडियोनोवा और किम्बर्ली बिरेल और ब्राजील की लौरा पिगोसी शामिल हैं। सोलह वर्षीय रूसी अलीना कोर्नीवा, जो पिछले साल दुनिया में शीर्ष क्रम की जूनियर थीं, और लड़कियों का एकल खिताब जीतने के सिर्फ 12 महीने बाद 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला एकल स्पर्धा के तीसरे दौर में पहुंचीं, भी इसमें नजर आएंगी। भारत की शीर्ष क्रम की युगल खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बारे और डच जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को युगल स्पर्धा में सीधा प्रवेश है। आने वाले दिनों में टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड की घोषणा होने की उम्मीद है। संजय खंडारे और प्रवीण दराडे, दोनों आईएएस और आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा, हम कुछ वर्षों के अंतराल के बाद विश्व स्तरीय टेनिस को मुंबई में वापस लाकर खुश हैं। डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन ने अतीत में कुछ बड़े नामों और उभरते सितारों को आकर्षित किया है, जिसमें दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी शामिल हैं, जिन्होंने 2017 में यहीं मुंबई में अपना पहला डब्लूटीए .125च खिताब जीता था। उन्होंने जोड़ा, ÷हमारे पास इस साल भी एक मजबूत क्षेत्र है, जिसमें कायला डे, नाओ हिबिनो और तमारा जिदानसेक के साथ-साथ उभरती हुई रूसी अलीना कोर्निवा भी शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि मुंबई में टेनिस प्रशंसक खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए झुंड में आएंगे।




## ऋषभ ने हादसे के दर्द भरे अनुभवों को याद किया

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गत वर्ष हुए कार हादसे से अब उबर गये हैं और फिटनेस हासिल करने के लिए जिम में भी अभ्यास में लग गये हैं। ऋषभ के आईपीएल सत्र से खेल में वापसी की उम्मीदें हैं। वहीं एक कार्यक्रम के दौरान ऋषभ ने उस घटनाक्रम को याद करते हुए कहा कि हादसे के दौरान कुछ पल के लिए मुझे ऐसा लगा था कि अब मेरा समय दुनिया में समाप्त हो गया है। उस हादसे में इस क्रिकेटर को गंभीर चोटें आई थीं। उनके दाहिने घुटने का लिगामेंट भी फट गया था जिसके लिए दो बार सर्जरी हुई थी। इस क्रिकेटर ने उस दर्द भरे अनुभव के बारे में बताया है जिसमें उनकी जान जाते-जाते बची थी। इसमें उन्होंने साल 2022 के अंत में हुई घातक कार दुर्घटना को याद करते हुए कहा कि जीवन में पहली बार मुझे ऐसा लगा जैसे इस दुनिया में मेरा समय अब समाप्त हो गया है। दुर्घटना के दौरान मुझे घावों के बारे में पता था पर मैं भाग्यशाली था क्योंकि यह और भी गंभीर हो सकता था। मुझे लगा कि किसी ने मुझे बचा लिया है। अस्पताल में मैंने जब डॉक्टर से पूछा कि मुझे ठीक होने में कितना समय लगेगा, तो उसने कहा कि करीब डेढ़ साल। मुझे पता था कि मुझे इस रिकवरी समय को कम करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।



## ब्राजील फुटबॉल परिसंघ हस्तक्षेप को रोके : फीफा

**रियो डी जनेरियो ।** ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने कहा है कि सीबीएफ को अपनी फुटबॉल संस्था में हस्तक्षेप को रोकना होगा। साथ ही कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। फीफा के अनुसार अगले साल की शुरुआत में ही नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है। फीफा ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) से कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने की जगह एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नए अध्यक्ष का चयन जल्दबाजी में किया तो उसे निलंबित किया जा सकता है। गौरतलब है कि रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण ही रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था। ब्राजील की ही दो शीर्ष अदालतों ने पिछले सप्ताह इस फैसले को बनाये रखा। फीफा अपने सदस्य संघों के कामकाज में सरकार या किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के पक्ष में नहीं रहता है और इसलिए ब्राजील के फुटबॉल संघ पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है।




## संक्षिप्त समाचार



### जडेजा और राहुल की कमी पूरी करना टीम इंडिया के लिए होगा मुश्किल

**मुम्बई ।** रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। राहुल और जडेजा ने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया था। ये दोनो ही टीम के अहम खिलाड़ी हैं। ऐसे में इनकी कमी पूरी करना भारतीय टीम के लिए मुश्किल होगा। जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है जबकि विराट कोहली निजी कारणों से इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की राह आसन नहीं रहेगी। चयनकर्ताओं ने दूसरे टेस्ट के लिए सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। वहीं रजत पाटीदार को इस मैच में राहुल की जगह बल्लेबाजी के लिए उतारा जा सकता है। वहीं जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारे जाने की संभावना है। भारतीय टीम इस मैच में चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज की जगह कुलदीप को रखा जा सकता है। वहीं सरफराज या वॉशिंगटन सुंदर को मध्यक्रम में उतारा जा सकता है। हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की सहायक रही है। दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। वहीं वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है।

### हरभजन ने कहा टर्निंग पिच भारतीय टीम पर पड़ सकती हैं भारी

**नई दिल्ली ।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम को आगाह किया है। हरभजन ने कहा कि भारत के लिए टर्निंग पिच बनाना नुकसानदेह भी साबित हो सकता है। इससे उसे इंग्लैंड से हार का सामना भी करना पड़ सकता है। हरभजन ने कहा, टीम अच्छी दिखाई दे रही है। उसके पास रोहित शर्मा जैसा बल्लेबाज है, इसके अलावा युवा बल्लेबाज भी हैं, ऐसे में अगर पिच अच्छी हुई तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे पर मुझे डर है कि भारतीय टीम टर्निंग पिच के कारण न हार जाये। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए जो बदलाव किए हैं वह खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण किये गये हैं। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह पर चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन सुंदर और सरफराज खान को रखा है। इंग्लैंड की टीम पहले मैच को जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे होने के कारण भी बढ़े हुए मनोबल के साथ दूसरे टेस्ट में उतरेगी। यह मुकाबला विशाखापट्टनम में खेला जाएगा।



## दीप्ति आईसीसी रैंकिंग में संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर पहुंची

### आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष दस में दो भारतीय महिला क्रिकेटर शामिल

**दुबई ।**

भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ ही संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर पहुंच गयी हैं। दीप्ति को हाल में किये अच्छे प्रदर्शन के कारण एक पायदान का लाभ हुआ है। वहीं भारत की ही रेणुका सिंह भी शीर्ष दस में शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा को तीन स्थान का नुकसान हुआ है और वह दूसरे से गिरकर पांचवें स्थान पर फिसल गयी हैं। पाकिस्तान की सादिया भी दीप्ति के साथ ही संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन को चौथा स्थान मिला है। स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडरों में दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडरों की रैकिंग में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं बल्लेबाजों में भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ नंबर एक पर बनी हुई है जबकि उनकी ही साथी खिलाड़ी ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

# देश का सोने का आयात 26.7 फीसदी बढ़कर 35.95 अरब डॉलर हुआ

### -एक साल पहले की इसी अवधि में सोने का आयात 28.4 अरब डॉलर रहा था

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में देश का सोने का आयात 26.7 प्रतिशत बढ़कर 35.95 अरब डॉलर हो गया है। स्वर्ण आयात का देश के चालू खाते के घाटे (कैड) पर प्रभाव पड़ता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार आयात में वृद्धि का कारण मांग का बेहतर होना था। एक साल पहले की इसी अवधि में सोने का आयात 28.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2023 में सोने का आयात 156.5 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब डॉलर का हो गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जहां से आयात की हिस्सेदारी लगभग 41 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात लगभग 13 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका लगभग 10 प्रतिशत का स्थान है। देश के कुल आयात में इस कीमती धातु की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक की है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत का आयात शुल्क लगता है। सोने के आयात में वृद्धि के बावजूद देश का व्यापार घाटा इस वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 212.34 अरब डॉलर के मुकाबले घटकर 188.02 अरब डॉलर रह गया। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है। सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है। इस अवधि के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 16.16 प्रतिशत घटकर 24.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले साल 26 दिसंबर को जारी भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत का चालू खाते का घाटा तेजी से कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक प्रतिशत या 8.3 अरब डॉलर रह गया। इसका मुख्य कारण व्यापारिक व्यापार घाटा कम होना और सेवा निर्यात में वृद्धि होना है। चालू खाते का घाटा तब होता है जब आयातित वस्तुओं और सेवाओं और अन्य भुगतान का मूल्य किसी विशेष अवधि में किसी देश द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात और अन्य प्राप्तियों के मूल्य से अधिक हो जाता है।

# सोना और चांदी लगातार दूसरे दिन महंगा

**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन मंगलवार के कारोबारी दिन सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 62,400 रुपये और चांदी के 72,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में भी तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 56 रुपये की तेजी के साथ 62,423 रुपये के भाव पर खुला जो 82 रुपये की तेजी के साथ 62,449 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 172 रुपये की तेजी के साथ 72,549 रुपये के भाव पर खुला जो 40 रुपये की तेजी के साथ 72,417 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,032.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,025.40 डॉलर था जो 5.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,030.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव



23.32 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 23.25 डॉलर था जो 0.03 डॉलर की तेजी के साथ 23.28 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के काफी सकारात्मक परिणाम मिले हैं: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली ।**

अंतरिम बजट से कुछ दिन पहले जारी समीक्षा में मंत्रालय ने कहा कि अब संभावना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्तवर्ष 2024 के लिए 7 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धिदर हासिल करेगी, जबकि कुछ का अनुमान है कि यह वित्तवर्ष 25 में भी 7 प्रतिशत वास्तविक वृद्धि हासिल कर लेगी। यदि वित्त वर्ष 2015 के लिए पूर्वानुमान सही साबित होता है, तो यह महामारी के बाद चौथा वर्ष होगा, जब भारतीय अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत या उससे अधिक की दर से बढ़ेगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह एक प्रभावशाली उपलब्धि होगी, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और क्षमता की गवाही देगी। आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) द्वारा जारी द इंडियन इकोनॉमी- ए रिव्यू अपने दूसरे अध्याय में अन्य चीजों के अलावा कल्याण के नए दृष्टिकोण के बारे में बात करता है। समीक्षा का पहला अध्याय देश की अर्थव्यवस्था के अतीत, वर्तमान और भविष्य का अवलोकन प्रदान करता है जबकि दूसरा अध्याय सरकार की नीतियों और विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मापदंडों पर प्रगति पर विस्तृत नज़र डालता है। देश के मानव संसाधनों को संतुलित विकास और क्षमतापूर्ण कल्याण बताते हुए समीक्षा में कहा गया है कि पिछले एक दशक में भारत के कल्याण प्रतिमान में एक बड़ा परिवर्तन आया है, जो एक अधिक टिकाऊ, कुशल और सशक्त मॉडल के रूप में विकसित हुआ




है। इसमें कहा गया है कि इस बदलाव ने न केवल कल्याणकारी पहलों को क्षमता निर्माण आयाम प्रदान किया है, बल्कि देश में दीर्घकालिक मानव विकास के लिए एक मजबूत नींव भी रखी है।

## वित्तीय शर्तें पूरी नहीं करने पर जी और सोनी का मर्जर टूटा!

**नई दिल्ली ।**

सोनी ने जी एंटरटेनमेंट के साथ अपनी भारतीय कंपनी के 10 बिलियन डॉलर के मर्जर सौदे की कुछ वित्तीय शर्तों को पूरा करने में विफल रहने की वजह रद्द किया था। वहीं जी ने सोनी को लिखे एक पत्र में आरोपों से इनकार किया है और जापानी कंपनी पर मर्जर को रद्द करने में विश्वास की कमी का आरोप लगाया। बता दें कि अगर जी और सोनी का मर्जर हो जाता तो यह दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में खेल, मनोरंजन और समाचार के 90 से ज्यादा चैनलों का एक बड़ा मीडिया पावरहाउस तैयार हो जाता। सोनी ने 22 जनवरी को मर्जर संबंधी योजनाओं को समाप्त कर दिया था। सोनी ने कहा था कि वह ऐसा इसलिए कर रहा है क्योंकि दो साल की बातचीत के बाद क्लोजिंग कंडीशन शर्तों से संतुष्ट नहीं है। हालांकि न तो सोनी और न ही जी ने टर्मिनेशन लेटर को सार्वजनिक किया। रॉयटर्स के अनुसार सोनी के नोटिस में कहा गया है कि ज़ी नकदी उपलब्धता समेत कुछ वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यावसायिक रूप से उचित प्रयास करने में विफल रहा। जबकि भारतीय नेटवर्क का कहना है कि व्यावसायिक बुद्धिमता की कमी के कारण सोनी ने यह निर्णय लिया है। जापान की कंपनी सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन के पूर्ण स्वामित्व वाली सोनी पिक्चर्स ने इस बारे में ज़ी को नोटिस भेजा है। कंपनी ने सौदा खत्म करने के बदले ज़ी एंटरटेनमेंट से 9 करोड़ डॉलर भी मांगे हैं। जवाब में ज़ी के बोर्ड ने कहा कि वह शेयरधारकों के हित की रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा। यदि दोनों कंपनियों का विलय हो जाता तो 10 अरब डॉलर की भारी भरकम मनोरंजन कंपनी तैयार हो जाती। आम मनोरंजन चैनलों के बाजार का तकरीबन 25 फीसदी हिस्सा उसी कंपनी के पास होता।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद, सेंसेक्स 800, निफ्टी भी 208 अंक नीचे आया

### निवेशकों को हुआ 1.8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने से बाजार में ये गिरावट आई। आज कारोबार के दौरान वित्तीय , एफएमसीजी, फार्मा और आईटी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली हावी रही जिससे बाजार पर दबाव आया। इसके अलावा घरेलू बाजार में हुई बिकवाली से भी अधिकतर सेक्टरल इंडेक्स नीचे आये। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1.11 फीसदी करीब 801.67 अंक टूटकर 71,139.90 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.96 फीसदी तकरीबन 208.80 अंक नीचे आकर 21,528.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स के शेयर दो फीसद से ज्यादा ऊपर आये। इसके अलावा केवल स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस के शेयर 5 फीसदी से ज्यादा नीचे आये। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्रा सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफ़सी बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूटे। जानकारों के अनुसार निवेशकों ने 1 फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट को देखते हुए सतर्क रवैया अपनाया हुआ है। इसके अलावा 31 जनवरी को अमेरिकी फेड नीति के परिणामों को देखते हुए मुनाफावसूली पर भी जोर दिया।

मुनाफावसूली के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक जैसी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के लगभग 377.2 लाख करोड़ रुपये से घटकर लगभग 375.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे निवेशकों को एक ही सत्र में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इससे पहले गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ बंद हुआ था। वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 59 अंक बढ़कर 72,000 पर खुला और 150 अंक की बढ़त के साथ 72,100 के स्तर पर देखा गया। वहीं एनएसई निफ्टी 50 21,800 के स्तर के करीब चला गया। हालांकि, बाजार में ज्यादा देर तेजी नहीं रही और सेंसेक्स कुछ समय में ही नुकसान के साथ नीचे आने लगा। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो हैंग सेंग 2 फीसदी फिसल गया। वहीं निक्केई, कोस्पी और ताइवान मामूली रूप से बढ़त में कारोबार कर रहे थे जबकि शंघाई कंपोजिट और स्ट्रेट्स टाइम्स नीचे थे। एसएंडपी 500 सोमवार को 0.76 फीसदी बढ़कर कल रात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। डॉव 0.59 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट 1.12 फीसदी चढ़ा। हांगकांग को छोड़कर ज्यादातर एशियाई इंडेक्स बढ़त में कारोबार कर रहे थे।

# बायजू राइट्स इश्यू के जरिए 20 करोड़ डॉलर जुटाएगी

**नई दिल्ली ।**

आर्थिक संकट का सामना कर रही शिक्षा-प्रौद्योगिकी फर्म बायजू 22-25 करोड़ डॉलर के उद्यम मूल्य पर इक्विटी राइट्स इश्यू के जरिए 20 करोड़ डॉलर जुटाने की तैयारी कर रही है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि कंपनी केवल इश्यू की इस किस्त के लिए कम मूल्यांकन पर इक्विटी जारी करेगी। मार्च, 2022 में वित्त जुटाने के समय बायजू का मूल्यांकन 22 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। कंपनी ने कहा कि थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (टीएलपीएल) के निदेशक मंडल ने वृद्धि को रफ्तार देने और परिचालन स्थिरता हासिल करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए अपने सभी इक्विटी शेयरधारकों को राइट्स इश्यू जारी कर 20 करोड़ डॉलर की धनराशि जुटाने की आज शुरुआत की। सूत्रों के मुताबिक बायजू का संचालन करने वाली कंपनी टीएलपीएल का यह इश्यू फरवरी के आखिर तक बंद हो जाएगा। हालांकि कंपनी का मूल्यांकन काफी अधिक है और सिर्फ इस राइट्स इश्यू के लिए 22-25 करोड़ डॉलर का मूल्यांकन रखा गया है। इस इश्यू का उद्देश्य मौजूदा पूंजीगत व्यय को वित्तपोषित करना और सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों को पूरा करना है। बयान के मुताबिक बायजू के संस्थापकों ने सबसे बड़े शेयरधारकों के रूप में पिछले 18 माह में 1.1 अरब डॉलर से अधिक का निवेश कर कंपनी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। बायजू के संस्थापक बायजू रवीन्द्रन ने कहा कि जुटाई गई राशि का इस्तेमाल देनदारियों के निपटान एवं परिचालन जरूरतों




को पूरा करने के लिए किया जाएगा। बायजू अब परिचालन लाभप्रदता हासिल करने से एक चौथाई से भी कम दूर है। यह कंपनी की रणनीतिक पहल की प्रभावशीलता और उसके कारोबारी मॉडल की मजबूती को दर्शाता है।

# आईरोबोट 350 कर्मचारियों की छंटनी करेगा

### - अमेजन-आईरोबोट के सौदे को समाप्त किए जाने के बाद लिया फैसला

**सैन फ्रांसिस्को ।**

उपभोक्ता रोबोट बनाने वाली कंपनी आईरोबोट ने लगभग 350 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है, जो उसके कार्यबल का लगभग 31 प्रतिशत है और इसके संस्थापक और सीईओ कॉलिन एंगल भी पद छोड़ देंगे। यह छंटनी अमेजन-आईरोबोट के 1.7 बिलियन डॉलर के सौदे को नियामक बाधाओं के कारण पारस्परिक रूप से समाप्त किए जाने के बाद हुई। डील खत्म होने की ख़बर के बाद आईरोबोट के शेयर 10 प्रतिशत गिर गए। इस कार्यबल में कटौती के हिस्से के रूप में आईरोबोट को 2024 की पहली दो तिमाहियों में मुख्य रूप से विच्छेद और संबंधित लागतों के लिए 12 मिलियन डॉलर और 3 मिलियन डॉलर के बीच पुनर्गठन शुल्क दर्ज करने की उम्मीद है, इसमें अधिकांश पुनर्गठन शुल्क 2024 की पहली तिमाही में अनुमानित हैं। आईरोबोट बोर्ड के अध्यक्ष एंड्रयू मिलर ने कहा कि हमें एक स्टैंडअलोन कंपनी के रूप में अपने भविष्य के लिए अपने ऑपरेटिंग मॉडल और लागत संरचना को तेजी से संरेखित




करना चाहिए। हालांकि हमारे लोगों को प्रभावित करने वाले निर्णय कठिन हैं, हमें अधिक टिकाऊ बिजनेस मॉडल और लाभप्रदता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आईरोबोट के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य कानूनी अधिकारी ग्लेन वेनस्टीन को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है और मिलर को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईरोबोट को वर्ष 2023 में 891 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज करने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत कम है। समाप्ति शुल्क के लगभग 20 प्रतिशत के वित्तीय सलाहकार शुल्क के भुगतान के बाद कंपनी सावधि ऋण चुकाने के लिए 35 मिलियन डॉलर की समाप्ति शुल्क तुरंत लागू करेगी और शेष समाप्ति शुल्क को भविष्य के लिए उपयोग करने के लिए अलग रखा जाएगा।

# एआई से बढ़ रही गोपनीय चिंताएं, सतर्क हो रहीं कंपनियां

### 12 देशों के 2,600 गोपनीयता एवं सुरक्षा पेशेवरों से की गई बातचीत

**नई दिल्ली ।**

कंपनियों को जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (जेन एआई) के उपयोग पर बढ़ती गोपनीयता संबंधी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। एक अध्ययन के अनुसार 12 देशों के 2,600 गोपनीयता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। जिसमें कहा गया है कि कंपनियां जेन एआई को बुनियादी तौर पर एक अलग प्रौद्योगिकी के रूप में देखती हैं, जिसमें तमाम नई चुनौतियों पर गौर करने की जरूरत है। 90 फीसदी से अधिक प्रतिभागियों का मानना है कि जेनएआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है। इस पर विचार करने की जरूरत है क्योंकि ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखना इसी पर निर्भर करता है। भारत के बारे में इस रिपोर्ट के निष्कर्षों से पता चलता है कि 92 फीसदी प्रतिभागियों का मानना था कि अगर वे अपने ग्राहकों के डेटा को पर्याप्त सुरक्षित नहीं रखेंगे तो वे उनसे खरीदारी नहीं करेंगे। सौ फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि बाहरी गोपनीयता प्रमाणपत्र ग्राहकों के खरीदारी निर्णय को प्रभावित




करने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक है। भारत में 98 फीसदी प्रतिभागियों का कहना था कि डेटा का नैतिक उपयोग करना कंपनियों की जिम्मेदारी है। इसी प्रकार 96 फीसदी प्रतिभागियों ने सहमति जताई कि गोपनीयता एक व्यावसायिक अनिवार्यता है, न कि महज एक अनुपालन बोझ। करीब 95 फीसदी प्रतिभागियों ने संकेत दिया कि गोपनीयता के लाभ उसकी लागत के मुकाबले काफी अधिक हैं। 95 फीसदी प्रतिभागियों ने माना कि उन्हें अपने ग्राहकों को आश्वस्त करने के लिए काफी अधिक प्रयास करने की जरूरत है। 97 फीसदी ने कहा कि अगर डेटा का भंडारण अपने ही देश या क्षेत्र में किया जाए तो वह काफी सुरक्षित होगा। मगर 96 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि डेटा स्थानीयकरण से कारोबार की लागत बढ़ जाएगी। भारत में 88 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि गोपनीयता कानून का उनके कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## एलएंडटी को दुबई में मिला ठेका

**नई दिल्ली ।**

लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को दुबई में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि इस परियोजना के तहत दुबई में सौर फोटोवोल्टकेनिक संयंत्र स्थापित करना शामिल है। एलएंडटी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहो कि हम उस क्षेत्र में ऊर्जा बदलाव को गति देने के लिए अपने नवीन नवीकरणीय ऊर्जा समाधान तथा परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने को प्रतिबद्ध हैं। लार्सन एंड टुब्रो 23 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है।






## जियो ने पेश किया नया मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म जियो-ब्रेन

**नई दिल्ली ।** जियो प्लेटफॉर्म्स ने एक नया 5जी इंटीग्रेटेड मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म जियो-ब्रेन पेश किया है। जियो ब्रेन सभी तरह के उद्योगों और व्यवसायों को एक इंटीग्रेटिड मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। जियो ब्रेन प्लेटफॉर्म आसानी से कंपनियों के मौजूदा नेटवर्क से जुड़ जाता है। इसके उपयोग के लिए कंपनियों को अपने मौजूदा नेटवर्क को बदले की जरूरत नहीं पड़ती। कंपनी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस यह इनोविटिव प्लेटफॉर्म सैकड़ों इंजीनियरों के प्रयासों और दो वर्षों के अनुसंधान के बाद विकसित हुआ है। मशीन लर्निंग को आसान बनाने के लिए जियो ब्रेन प्लेटफॉर्म्स 500 से अधिक एप्लिकेशन्स से लैस है। इमेज़, वीडियो, टैक्स्ट, डॉक्यूमेंट्स के लिए एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर मौजूद है। वहीं इन-बिल्ट एआई एल्गोरिदम जैसी सुविधाएं भी जियो ब्रेन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स इसे 5जी और भविष्य की तकनीक 6जी की उत्पाद श्रृंखला के लिए मील का पत्थर मान रही है। उद्यमों में बदलाव और नेटवर्क के ओप्टिमैजेशन में जियो ब्रेन मदद करेगा, साथ ही 6जी विकास के लिए भी मंच तैयार करेगा, जहां मशीन लर्निंग को एक महत्वपूर्ण क्षमता माना जाता है।

## छोटे चाय उत्पादकों के लिए ब्रांडिंग जरूरी

**गुवाहाटी ।** वर्तमान समय में छोटे चाय उत्पादकों के लिए ब्रांडिंग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यह बात हाल ही में बाइसेन्टेनरी असम टी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2024 के उदघाटन के मौके पर असम और भारत में लघु चाय उत्पादकों की क्रांति विषय पर चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कही। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चाय बागान मालिकों के लिए यह एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है, इसलिए उनके उत्पाद की ब्रांडिंग से उनके द्वारा उत्पादित खराब गुणवत्ता वाली पत्तियों के आरोप को दूर करने में मदद मिल सकती है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टीम ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) का कहना है कि गुणवत्ता बनाए रखना हमारे सामने एक बड़ा मुद्दा है। इसे दूर करने के लिए ब्रांडिंग सबसे महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि देश में सालाना उत्पादित होने वाली चाय में छोटे चाय उत्पादकों का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन खराब गुणवत्ता वाली पत्तियों के आरोप उनके खिलाफ अक्सर लगते रहते हैं। उचित ब्रांडिंग काफी हद तक गुणवत्ता अनुपालन के मुद्दे से निपटने में मदद कर सकती है। चाय विनिर्माण कंसल्टेंसी ने कहा कि छोटे चाय उत्पादकों को ज्यादातर बैकएंड उत्पादक के रूप में देखा जाता है और उन्हें कम कीमत वसूली की समस्या का सामना करना पड़ता है, जो उनकी आय तथा आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

## मप्र, यूपी और बिहार में युवा बेरोजगारी दर घटी!

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय बजट से कुछ ही दिन पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में कहा था कि राज्य स्तर पर युवा बेरोजगारी दर में गिरावट का नेतृत्व युवा आबादी की बड़ी हिस्सेदारी वाले राज्यों ने किया है, जैसे कि उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 2021 के जनसंख्या अनुमान के अनुसार 6.9 करोड़ युवा, बिहार 3.5 करोड़ युवाओं के साथ, और मध्य प्रदेश 2.3 करोड़ युवाओं के साथ। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश की युवा बेरोजगारी दर 2017-18 में 16.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 7 प्रतिशत हो गई है, साथ ही इसी अवधि में युवा एलएफ़पीआर 33.7 प्रतिशत से बढ़कर 41.4 प्रतिशत हो गई है। इस प्रकार युवाओं को बढ़ावा देने वाले राज्य भी युवा रोजगार में वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में युवा आबादी के साथ-साथ युवा रोजगार भी बढ़ रहा है। पीएलएफ़एस के अनुसार युवा (आयु 15-29 वर्ष) बेरोजगारी दर 2017-18 में 17.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत हो गई है, जबकि युवा एलएफ़पीआर 38.2 प्रतिशत से बढ़कर 44.5 प्रतिशत हो गया है। समीक्षा में कहा गया है कि इन छह वर्षों में नियोजित युवाओं का अनुपात 31 प्रतिशत से बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गया है, जो जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बावजूद एक बड़ी आबादी वाले देश के लिए एक उपलब्धि है।

## फंडिंग की खबर के बाद स्पाइसजेट के शेयर में तेजी

**नई दिल्ली ।**

विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस महीने 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की फंडिंग के साथ अपने बेड़े को अपग्रेड करने और लागत में कटौती के उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस खबर के सामने आने के बाद स्पाइसजेट के शेयरों में भी तेजी देखी गई। कंपनी का शेयर बीएसई पर बढ़त के साथ खुला और एनएसई पर 6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.40 रुपये प्रति शेयर के उच्चतम स्तर को छू गया। एयरलाइन द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक पत्र के अनुसार अब उसके पास 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की पर्याप्त राशि है। इसमें सरकार से आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना के तहत किस्त के रूप में प्राप्त 160 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। कई परेशानियों से घिरी कंपनी को अब तक ईसीएलजीएस के तहत करीब 1,000 करोड़ रुपये मिले हैं। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन ने तीन महीने में कुल 1,100 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जुटाया है। पत्र के अनुसार, कंपनी बेड़े को अपग्रेड करने, समय पर सेवाएं देने और ऑपरेशन को सुव्यवस्थित करने के लिए लागत में कटौती के उपाय लागू करने पर ध्यान देगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in